हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 14 अक्टूबर 2024



B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड-114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि-14/10/24
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

# अहाता चलाने में रुचि नहीं, केवल चार के लिए ही टेंडर, अर्जुनी का सर्वाधिक दाम

## 12 शराब दुकानों के बाहर अहाते के लिए मंगाए थे टेंडर, शहर की दुकानों के लिए आवेदन नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शराब दुकान के बाहर अहाता सेंटर संचालन को लेकर जिले में लोग रुचि नहीं दिखा रहे है। यहीं कारण है कि छह महीने के भीतर दूसरे बार टेंडर करने के बाद भी केवल चार शराब दुकानों के लिए ही आवेदन आए। इनमें भी सबसे अधिक बोली अर्जुनी स्थित शराब दुकान के बाहर अहाता चलाने के लिए लगाई गई है। इन ठेकेदारों को आगामी मार्च महिने तक अहाता संचालन का लाइसेंस दिया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में सरकार बदलने के बाद मौजूदा साय सरकार ने सरकारी शराब दुकानों के बाहर अहाते लगाने का निर्णय लिया था। जिसके बाद मार्च महीने से आवेदन की प्रक्रिया शुरू की गई थी। मई में इसके लिए टेंडर खोले गए थे, पहले चरण में लगभग दुकानो के लिए लोग भी सामने आए थे। लेकिन महीने भर के भीतर ही उन्होंने अपने हाथ खड़े कर दिए थे, ऐसे में जिले की 16 में से 13 दुकान के बाहर अहाते बंद थे। अब इनमें से ही 12 के लिए दोबारा आवेदन मंगाए गए थे, परन्तु इस बार भी 12 में से केवल चार के लिए ही आवेदन आए।

### अर्जुनी के लिए 13 लाख

जिन चार अहाते के लिए टेंडर खोले गए उनमें सर्वाधिक रकम अर्जुनी स्थित शराब दुकान के बाहर अहाते के लिए आया है। यहां के लिए 12.66 लाख की बोली लगी, वहीं सोमनी स्थित विदेशी दुकान के लिए 6.63 लाख, डोंगरगांव विदेशी शराब दुकान के लिए 5.09 एवं 4.39 लाख व डोंगरगांव विदेशी शराब दुकान के लिए 11.55 लाख की बोली लगी है।



### राजनांदगांव जिले में 16 दुकानें

राजनांदगांव जिले में कुल 16 शराब दुकानें हैं। इनमें 12 दुकानों के लिए अहाता लेने आवेदन मंगाए गए थे। जिनमें से केवल चार दुकानों में अहाते के लिए आवेदन आने के बाद उनकी नीलामी की गई है। जिन ठेकेदारों का चयन नीलामी में किया गया है उनके पास अब राशि जमा करने का 31 अक्टूबर तक का समय है।

### इनके लिए आवेदन नहीं

मिली जानकारी के अनुसार कुल 12 दुकानों के लिए आवेदन मंगाए गए थे। इनमें केवल चार अर्जुनी, सोमनी, टेडेसरा एवं डोंगरगांव के लिए ही आवेदन आए है। जबकि रेवाडीह बाईपास स्थित देशी व विदेशी दुकान, मंडी बाईपास स्थित देशी एवं विदेशी दुकान, बागनदी स्थित देशी व विदेशी दुकान, डोंगरगांव विदेश दुकान एवं वार्ड 22 स्थित विदेशी दुकान के लिए आवेदन नहीं आए।

## खबर संक्षेप

### 15 अक्टुबर को भव्य कवि सम्मेलन

■ विस अध्यक्ष डॉ सिंह के जन्मदिन के अवसर पर आयोजन



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक डॉ रमन सिंह के जन्मदिन के अवसर पर आगामी 15 अक्टुबर को एक भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। युवा वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस कवि सम्मेलन में देशभर से प्रख्यात कवि पहुंचेंगे। जिनमें डॉ कुमार विश्वास और डॉ सुरेंद्र दुबे जैसे नाम शामिल है।युवा वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष भावेश बैद ने बताया कि विगत वर्षो की तरह ही इस बार भी कवि सम्मेलन को भव्य रुप देने के लिए तैयारियां की जा रही है। उन्होंने बताया कि 15 अक्टुबर दिन मंगलवार को रात आठ बजे से म्यूनिसिपल स्कूल मैदान में आयोजन किया जाएगा, जहां हजारो लोगो के बैठने की व्यवस्था की जा रही है। इस कवि सम्मेलन में डॉ कुमार विश्वास के साथ ही पद्मश्री डॉ सुरेंद्र दुबे, डॉ सुमन दुबे, कविता तिवारी एवं दिनेश बावरा द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। आयोजन समिति ने लोगों से बड़ी संख्या में शामिल होकर इस कवि सम्मेलन का आनंद लेने की अपील की है। उक्त आयोजन को लेकर आयोजन समिति द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही है। म्युनिसिपल स्कूल मैदान में आयोजित उक्त भव्य कवि सम्मेलन को लेकर शहर वासियों में भी उत्सुकता का माहौल है।

## बुजूर्ग सहित अधेड़ एवं बच्चे भी आ रहे जद में, लगातार केस में इजाफा

# बिना मापदंड के बनाए बेतरतीब ब्रेकर स्लिप डिस्क-साइटिका के मामले बढ़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर की सड़कों पर बने सैकड़ों स्पीड ब्रेकरों की वजह से शहर में स्लिप डिस्क के मरीज बढ़ते जा रहे हैं। जिसकी वजह से कई लोगों का चलना-फिरना भी दूभर हो रहा है। वहीं कमर दर्द के मामले भी बढ़ रहे हैं। बेतरतीब बने ब्रेकरों की वजह से इसका असर सीधे रीढ़ की हड्डी पर पड़ रहा है। शरीर में रीड की हड्डी की अहम भूमिका है। यह शरीर को सहारा देती है और मस्कुलोस्केलेटल सिस्टम के कई हिस्सों को जोड़ती है। यह बैठने, खड़े होने, चलने, मुड़ने और झुकने में मदद करती है, लेकिन स्पीड ब्रेकरों की वजह से इसका दबाव रीड की हड्डियों पर पड़ रहा है और शरीर को चलाने वाले इस सिस्टम पर इसका असर दिखाई दे रहा है।

राजनांदगांव शहर में स्पीड ब्रेकरों की भरमार है। यहां 500 मीटर के एक मार्ग पर ही लगभग दर्जनभर ब्रेकर हैं। लोग अपने अनुसार ही ब्रेकर बना रहे हैं। जबकि ब्रेकर बनाने को लेकर लाईन लाइन है। इसके बावजूद इस पर संबंधित विभाग द्वारा कार्रवाई नहीं की जाती है। एक गाईड लाइन के अनुसार स्पीड ब्रेकर की अधिकतम ऊंचाई 4 इंच होनी चाहिए। ब्रेकर के दोनों ओर 2-2 मीटर का स्लोप दिया जाना चाहिए, ताकि वाहन स्लो होकर बगैर झटका खाए निकल जाए। 6 से 8 इंच तक ऊंचाई वाले और बगैर स्लोप के ब्रेकर नहीं बनाए जाने चाहिए। स्पीड ब्रेकर के पहले चेतावनी संकेतक होना चाहिए। साथ ही ब्रेकर में सफेद या पीला पेंट और रेडियम होना चाहिए। जिससे दिन एवं रात में ब्रेकर दूर से ही वाहन चालकों को नजर आ जाए। वहीं एक ब्रेकर से दूसरे ब्रेकर की दूरी लगभग 100 से 120 मीटर होनी चाहिए, लेकिन यहां थोड़ी-थोड़ी दूर पर ही कई ब्रेकर बने हुए हैं जो बिना मापदंड के हैं।



### शहर में बढ़ रही मरीजों की संख्या

शहर की सड़कों पर बिना मापदंड के बने ब्रेकरों की वजह से पिछले कुछ दशकों में कमर दर्द, स्लिप डिस्क, साइटिका से संबंधित मरीजों की संख्या बढ़ी है। इसमें अधिकांश दोपहिया वाहन चलाने वाले शामिल हैं। इस समस्या से जूझ रहे मरीजों की आयु 20-22 वर्ष से लेकर 45-50 की उम्र तक अधिक है।

### हो सकता है स्लिप डिस्क

ब्रेकर की वजह से कमर दर्द, मांसपेशियों में दर्द के साथ स्लिप डिस्क और साइटिका हो सकता है।
- डॉ. अनिल महाकालकर, अस्थि रोग विशेषज्ञ

### आकार बदल रही रीड की हड्डी

शहर की सड़कों पर बने ब्रेकरों की वजह से दोपहिया वाहन चालकों पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है और इसका सीधा असर रीड की हड्डी पर नजर आ रहा है। ब्रेकर की वजह से मोटर साइकिल चलाने वाले अधिकांश लोगों की रीड़ की हड्डी अपना आकर भी बदल रही है। जिससे उन्हें सर्वाइकल, स्लिप डिस्क, साइटिका जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

### वाहन चालक जद में

शहर में बने ब्रेकरों की वजह से सबसे ज्यादा खतरा दो पहिया वाहन चालकों को है, क्योंकि इस पर बैठे व्यक्ति को बैक सपोर्ट नहीं होता। वहीं कार में बैठा व्यक्ति सीट पर पीठ टिकाए होता है। जिससे उसे झटका कम लगता है। वहीं कार में भी बिना टीके बैठने वाले व्यक्ति को भी ब्रेकर की वजह से खतरा है।

### सड़क में गड्ढे हैं तो ब्रेकर की क्या जरूरत!

शहर की मुख्य सड़कों से लेकर भीतरी मार्गों की अधिकांश सड़कों में हर तरफ गड्ढे हो गए हैं। वार्डों के भीतरी सड़कों का बुरा हाल है, जगह-जगह सीसी रोड पर गड्ढे ही गड्ढे हैं, वैसे में इन गड्ढों भरी सड़कों पर भी बिना मापदंड के स्पीड ब्रेकर बने हुए, जब सड़कों पर गड्ढे हैं तो फिर वाहनों को तेज रफ्तार से चलाना भी संभव नहीं है, गड्ढे ही स्पीड ब्रेकर का काम कर रहे हैं। ऐसे में गड्ढों से भरी सड़कों पर भला स्पीड ब्रेकर का क्या काम!

# प्रतिमा से तलवार चोरी, मामला दर्ज कराने पहुंचा लोधी समाज

## तलवार चोरी होने के बाद लगाई गई नई तलवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल के समीप स्थापित वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की प्रतिमा से तलवार चोरी होने के मामले को लेकर समाज के लोगों ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंप कर कार्रवाई की मांग की थी। वहीं आज कोतवाली थाने पहुंचकर अज्ञात आरोपी के खिलाफ एफआईआर करने आवेदन दिया गया है।



वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की प्रतिमा से तलवार चोरी होने के मामले को लेकर अज्ञात आरोपी के खिलाफ एफआईआर करने आज लोधी समाज के जिला एवं प्रदेश पदाधिकारी कोतवाली थाने पहुंचे, यहां उन्होंने आवेदन के माध्यम से अज्ञात आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। इस दौरान समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष विष्णु लोधी, सर्किल लोधी समाज के पूर्व अध्यक्ष शिव वर्मा और लोधी समाज की महिला प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती दशमत जंघेल ने कहा कि लोधी समाज बलिदानियों का समाज है और वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी समाज की गौरव है। उनकी प्रतिमा से तलवार चोरी किए जाने से समाज को गहरा आघात लगा है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में वीरांगना अवंती बाई लोधी की अहम भूमिका रही है। वह केवल समाज की नहीं देश की भी गौरव है। उन्होंने कहा कि बीते दिनों प्रतिमा से तलवार चोरी होने को लेकर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की गई थी, लेकिन अब तक आरोपी पकड़ा नहीं गया है। वहीं टीआई के द्वारा प्रतिमा में दूसरी तलवार लाकर लगाया गया है। उन्होंने इसके लिए एमन साहू का आभार जताया है। वहीं तलवार चोरी करने वाले आरोपियों को जल्द से जल्द पकड़ने की मांग भी की है।

### आरोपी पर होगी कार्रवाई

इस मामले में कोतवाली टीआई एमन साहू ने कहा कि लोधी समाज द्वारा आवेदन दिया गया है, जिसमें तलवार चोरी होने के मामले को लेकर एफआईआर दर्ज करने मांग की गई है। उन्होंने कहा कि इस मामले में एफआईआर दर्ज कर आरोपी पर कार्रवाई की जाएगी। **सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग :** अपने आवेदन के माध्यम से समाज के लोगों ने सभी प्रतिमाओं की सुरक्षा के लिए पुलिस व प्रशासन से सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग की है।

# युवक को बेल्ट से पीटा कांग्रेसी नेता आसिफ के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव





अपनी पुरानी रंजिश का बदला लेने के लिए एक युवक को बेल्ट से पीटने वाले कांग्रेस नेता आसिफ अली के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए प्रार्थी के साथ बड़ी संख्या में लोगों ने एसपी कार्यालय पहुंचकर एक ज्ञापन भी सौंपा है। दर्ज एफआईआर के मुताबिक शनिवार शाम करीबन सात बजे स्टेशन पारा स्थित डायमंड टेलर के सामने आरोपी आसिफ अली एवं उसका भाई दानिश अली के द्वारा प्रार्थी लाकेश यादव को बेल्ट एवं हाथ मुक्का से मारपीट किया गया। जिसके बाद प्रार्थी की पत्नी ने चिखली पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। जिसपर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 [2] 296, 351 [2], 3 [5] के तहत अपराध दर्ज कर लिया गया है। मोहल्लेवासियो ने बताया कि दोनो के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा है। शनिवार को भी जुबानी विवाद के बाद मारपीट की स्थिति निर्मित हुई।

### पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप

प्रार्थी के साथ एएसपी को ज्ञापन सौंपने पहुंचे लोगों ने बताया कि पिछले काफी समय से आसिफ द्वारा लाकेश यादव को परेशान किया जा रहा है। लेकिन इसके बाद भी चिखली पुलिस आसिफ के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रही थी, शनिवार को दबाव बनाने के बाद एफआईआर दर्ज की गई, लेकिन इसके बाद भी उचित कार्रवाई होने में संशय है। इसलिए एएसपी को ज्ञापन सौंपकर उचित कार्रवाई करने की मांग की गई है।

# दो बेटियों का बीएसएफ में चयन ट्रेनिंग कर लौटने पर स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सीमा सुरक्षा बल में राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र की दो बेटियों का चयन हुआ है। बीएसएफ की ट्रेनिंग लेकर लौटी इन दोनों बेटियों का आज रेलवे स्टेशन में फूल मालाओं के साथ स्वागत किया गया। इन दोनों बेटियां ने अपने-अपने गांव की पहली महिला बीएसएफ जवान बनने का गौरव हासिल किया है।

देश सेवा का जज्बा पाले हुए वर्ष 2023 में शहर के समीप ग्राम सिंघोला और सांकरा की दो बेटियों ने शहर के मोहारा क्षेत्र में सुरक्षा बल में जाने प्रशिक्षण हासिल किया और इसके बाद उन्होंने भारतीय सेना में जाने आवेदन किया और पहली बार में ही उनका सिलेक्शन हो गया। इसके बाद उन्हें बुनियादी प्रशिक्षण के लिए बुलाया गया और आज दोनों बेटियां प्रशिक्षण प्राप्त कर बीएसएफ का हिस्सा बन गई है। इनके ट्रेनिंग कर राजनांदगांव लौटने पर स्थानीय रेलवे स्टेशन में परिजनों सहित प्रशिक्षकों ने स्वागत किया।

### युवाओ को दे रहे गांव में ट्रेनिंग

देश सेवा का जज्बा रखने वाले जो युवा ट्रेनिंग के लिए फीस नहीं दे पाते हैं ऐसे बच्चों को मोहारा मेला ग्राऊंड में प्रशिक्षक ओम प्रकाश साहू और देवेंद्र कुमार देवांगन द्वारा निःशुल्क ट्रेनिंग दी जाती है।



**परिवार और गांव को किया गौरवान्वित :** ग्राम सांकरा की गामिनी साहू और ग्राम सिंघोला की ललित साहू अपने गांव की पहले बेटी हैं जिन्होंने बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स जॉइन किया है। इन दोनों बेटियों ने अपने परिवार के साथ ही अपने गांव का नाम भी रोशन किया है।

### निःशुल्क देते हैं प्रशिक्षण

भारतीय सेना में गई इन दोनों बेटियों को प्रारंभिक तैयारी का प्रशिक्षण देने वाले ओम प्रकाश साहू और देवेंद्र कुमार देवांगन ने बताया कि वह वर्ष 2022 से शहर के मोहारा क्षेत्र में पुलिस भर्ती के लिए प्रशिक्षण देते हैं। अब तक उनके अकादमी से 17 बच्चे केंद्रीय सुरक्षा बल सहित पुलिस विभाग में चयनित है। वहीं 2023 बैच में दो लड़कियों और चार लड़कों का चयन केंद्रीय सुरक्षा बल में हुआ है, जिसमें गामिनी और ललिता सहित तीन लड़के बीएसएफ में हैं। वहीं एक युवक का चयन असम राइफल में हुआ है। उन्होंने बताया कि हम अभी 50 से 60 बच्चों को सिक्योरिटी फोर्स के लिए तैयार कर रहे हैं।

### देश सेवा के जज्बे से मिली सफलता

बीएसएफ में इन दोनों बेटियों के चयन को लेकर उनके प्रशिक्षकों ने कहा कि इन दोनों में देश सेवा का काफी जज्बा था, जिसके बल पर उन्होंने इस मुकाम को हासिल किया है।

### गांव की पहली महिला फौजी

शहर के समीप ग्राम सिंघोला की बेटी ललित साहू ने बताया कि उसने शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय से अपनी पढ़ाई की है और मोहारा में प्रारंभिक प्रशिक्षण हासिल किया। वहीं बीएसएफ में चयन होने के बाद उसने बैकुंठपुर पश्चिम बंगाल में ट्रेनिंग ली और उसकी ड्यूटी वेस्ट बंगाल में ही लगी है। वहीं ग्राम सांकरा की गामिनी साहू ने भी शहर के मोहारा में प्रारंभिक प्रशिक्षण लिया था और इसके बाद बैकुंठपुर में प्रशिक्षण हासिल करने के बाद उसका सिलेक्शन भी बीएसएफ के लिए हुआ है। दोनों बेटियां अपनी ट्रेनिंग पूरी कर घर लौटी है।

# लूट के अरोपी से चाकू नकली पिस्टल बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगदी रकम, मोबाईल एवं बाईक की चाबी लूटने के मामले में जांच पड़ताल करते हुए पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया जिससे चाकू एवं नकली पिस्टल बरामद किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रार्थी बिशेलाल साहू से नगदी रकम 6000 रूपये एवं मोबाईल तथा मोटर सायकल की चाबी लुटने के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराने पर थाना बसंतपुर में अपराध कायम कर विवेचना के दौरान आरोपी तरूण पवार से घटना में उपयोग किये गये धारदार नुकीला चाकू एवं नकली पिस्टल को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर ज्युडिशल रिमांड पर भेजा गया है ।

# लूट के मामले मे तीन पकड़ाए, सोने की चैन, मोबाईल सहित सामान बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के चौपाटी के पास हुए लूट की घटना के मामले में पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लूट के सामान, कार, सोने की चैन, नगदी रकम, मोबाईल बरामद किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत चौपाटी के पास गत दिवस लूट की घटना हुई थी। इस मामले में प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र नायक के मार्गदर्शन में शहर में असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कार्यवाही के लिए टीम गठित की गई ।



**कार सहित अन्य सामान बरामद :** गठित टीम के द्वारा मुखबिर की सूचना पर आरोपी दीपक मेश्राम, रितेश गुप्ता एवं डिकेश्वर साहू से पूछताछ कर आरोपी दीपक मेश्राम के मेमोरेंडम कथन पर लूट में उपयोग किये गए स्कार्पियो कार तथा लुटे हुए कार, सोने की चैन, मोबाईल, नगदी रकम को बरामद कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा जा गया है । उपरोक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी बसंतपुर, निरीक्षक सत्यनारायण देवांगन, सउनि जीवराज रावटे तथा सउनि मनमोहन साहू एवं पेट्रोलिंग बी-9 की सराहनीय भूमिका रही ।

समदा
सुपरस्पेशलिटी अस्पताल
NABH मान्यता प्राप्त
उपलब्ध सुविधाए
डॉ. दीपिका जैन
बी. डी. एस. एम. डी. एस.
(आथोर्डोटिक्स एवं डेन्टोफेशियल सर्जन )
- सिंगल सिटिंग रूट कैनाल ट्रीटमेंट
- टेढ़े-मेढ़े. एवं बाहर निकले दांतों का उपचार (मेटल / सिरेमिक ब्रेसेस द्वारा)
- ब्लीचिंग द्वारा दांत सफेद करना
- लेजर / दांत के रंग की फिलिंग
- दांत निकालना
- मुंह कम खुलने का उपचार
- इम्प्लांट द्वारा फिक्सड दांत लगाना
- मुंह के छाले का उपचार
मिलने का समय - प्रातः 10 बजे से शाम 7 बजे तक
पता :-बसंतपुर, महामाया चौक, VIP रोड, राजनांदगांव (छ.ग.)
अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें :- 7744356654

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
सामान्य सर्जरी General Surgeon
- सभी प्रकार के हार्निया का ऑपरेशन
- अपेंडिक्स का ऑपरेशन
- पित्त की थैली का ऑपरेशन
- मुत्राश्य की पथरी का ऑपरेशन
- बवासीर, भगंदर का ऑपरेशन
- छोटी एवं बड़ी आंत की बीमारियों का ऑपरेशन
- अमाशय एवं अग्नाशय की बीमारियों का ऑपरेशन
- हाइड्रोसील का ऑपरेशन
- हाई टेक आईसीयू एवं सीसीयू
- अनुभवी मेडिकल स्टॉफ के साथ
- हाई टेक ट्रॉमा सेंटर एक्सीडेंटल केस के लिए
- 24 घंटे आपातकालीन सुविधा
- आयुष्मान कार्ड से एनजीओप्लास्टी की सुविधा
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365







## खबर संक्षेप



### टैली पर तीन दिवसीय कार्यशाला

**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ़ में प्राचार्य डॉ. रेवती के निर्देशन एवं कम्प्यूटर विभाग की तूलिका चक्रवर्ती के मार्गदर्शन में टैली पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षक हर्ष यादव थे। श्री यादव ने विद्यार्थियों को टैली का प्रषिक्षण, विभिन्न क्षेत्रों में बढ़ते प्रयोग, खाता बही बनाना, एंट्री, जीएसटी बिल प्रिंटिंग आदि की जानकारी दी। कार्यशाला में 65 विद्यार्थी शामिल हुए। समापन प्राचार्य डॉ. रेवती के आतिथ्य में हुआ। विशिष्ट अतिथि प्रशिक्षक हर्ष यादव, वेदप्रकाश साहू, मनीष भास्कर थे। कार्यक्रम का संचालन कम्प्यूटर विभाग की तूलिका चक्रवर्ती ने किया।

### अवंती प्रतिमा से छेड़छाड़ की निंदा

**डोंगरगढ़।** कांग्रेस नेता विष्णु



लोधी ने वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा से की गई छेड़छाड़ की घटना की कड़ी निंदा की है। उन्होंने इस घटना को समाज के आत्मसम्मान पर आघात पहुंचाने वाला बताते हुए कहा कि इस तरह की घटना को बर्दास्त नहीं किया जाएगा। श्री लोधी ने कहा कि अवंतीबाई लोधी समाज की प्रेरणा स्त्रोत और वीरता की प्रतीक हैं। उनकी प्रतिमा से छेड़छाड़ लोगों की भावनाओं पर हमला है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस घटना के विरोध में लोधी समाज ने ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया है।

### जामरी में सांस्कृतिक कार्यक्रम 16 को

**मुरमुंदा।** जामरी में नवयुवक सरस्वती उत्सव समिति शीतला चौक एवं समस्त ग्रामवासियों के तत्वावधान में लहर गंगा लोक कला सांस्कृतिक धनेली का आयोजन आगामी 16 अक्टूबर को किया गया है। यह जानकारी भुवनलाल सिन्हा ने देते हुए आसपास के लोगो को आने की अपील किया है।

### शहनाज अख्तर 16 को देगी भजनों की प्रस्तुति

**डोंगरगांव।** प्रसिद्ध भजन गायिका



शहनाज अख्तर आगामी 16 अक्टूबर को नगर में पहली बार सुमधुर भजनों की प्रस्तुति देंगी। शरद पूर्णिमा के अवसर में आयोजित भजन संध्या की तैयारिया अंतिम चरण पर है। निशांत उत्सव समिति ने शरद पूर्णिमा के अवसर पर यह कार्यक्रम कॉलेज मैदान में आयोजित किया है। कार्यक्रम के लिए विशाल मंच के साथ श्रोताओं के लिए विशेष दीर्घा का निर्माण किया जा रहा है। आयोजन समिति के सदस्यो ने बताया कि नगरवासी भजन गायिका शहनाज अख्तर को लंबे अरसे से सुनना चाह रहे थे। लोगों की मांग को देखते हुए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## हजारों श्रद्धालु साक्षी बने विसर्जन के

# मानव श्रृंखला के साथ हुआ ज्योति कलशों का विसर्जन





हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

देशभर में विख्यात मां बम्लेश्वरी के दरबार में 9 दिनों तक पूजा अर्चना के बाद प्रज्जवलित मनोकामना ज्योति कलशों का विसर्जन किया गया। मानव श्रृंखला के रूप में निकली विसर्जन यात्रा के हजारों श्रद्धालुओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराया।

पुरानी परम्परा के अनुसार उपर मंदिर माता बम्लेश्वरी मंदिर में स्थापित 7591 ज्योति कलशों के विसर्जन की शुरूवात नवमी को सुबह बैगा एवं आचार्य के माध्यम से ट्रस्ट पदाधिकारियों की उपस्थिति में माता की प्रथम ज्योत को उपर टांका सरोवर में कर किया गया। अन्य ज्योति कलशों को मंत्रोच्चार के साथ पानी का छिड़क कर शांत किया गया। नीचे मंदिर के ज्योति कलश विसर्जन यात्रा की शुरूवात में कक्ष से बाहर निकाला गया। इन कलशों को महिलाओं ने सिर पर धारण करने के बाद ढोल नंगाडो एवं शहनाई की धुन के बीच बैगाओं द्वारा माता की प्रथम ज्योत की पूजा अर्चना किया। मुख्य बैगा ओमकार महोबिया, दीपक उइके के साथ सहयोगी रामजी तराने, गणेश साहू ने काल भैरव, बटुक भैरव, कालका माता, छिन्दमस्ता माता के आव्हान एवं ग्राम देवी देवताओं की पूजा के साथ अनुमति लेकर यात्रा की शुरूवात किया। नीचे मंदिर के ज्योति कलश रास्ते में स्थित चौक चौराहो, छिनमस्ता माता एवं रेल मार्ग की पूजा करते हुए शीतला मंदिर पहुंची। यहां मां शीतला एवं मां बम्लेश्वरी की प्रथम ज्योत का नारियल भेंट कर मिलाप हुआ। यहां से शीतला मंदिर के ज्योति कलश भी विसर्जन यात्रा में शामिल हुए। महावीर सरोवर में मूंछ वाले हनुमान एवं तालाब सरोवर को श्रीफल भेंटकर विसर्जन की अनुमति लेकर ट्रस्ट अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने माता की प्रथम ज्योत को विसर्जित किया। अन्य कार्यर्ताओं ने कलशों का विसर्जन किया। विसर्जन के बाद शोभायात्रा पुनः शीतला मंदिर एवं नीचे मंदिर पहुंची। यहां आरती के बाद ज्योति उठाने वाली महिलाओं एवं कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को भोजली भेंटकर बधाई दी।

### थमे रहे ट्रेनों के पहिए

ज्योति कलशों के विसर्जन में प्रशासन ने भरपूर सहयोग दिया। जिला प्रशासन के अलावा रेलवे के अधिकारी कर्मचारी सुबह 10 बजे से देर रात तक शोभायात्रा को सुचारू रूप से संपन्न कराने जुटे रहे। शोभायात्रा केरेलवे लाइन क्रास करने के दौरान कई यात्री ट्रेनों को रोक दिया गया था।

### जुटा रहा प्रशासन

विसर्जन के दौरान अपर कलेक्टर सीएल मार्कण्डेय, एसडीएम मनोज मरकाम, तहसीलदार मुकेश ठाकुर, नायब तहसीलदार यादव, एसडीओपी आशीष कुंजाम, थाना प्रभारी जितेन्द्र वर्मा के अलावा नागपुर डिवीजन के सीआई निरंजन सिंह, एआरएम एके सिंह, रेलवे सिविल डिफेन्स के जवानो के अलावा आरपीएफ, जीआरपीएफ के अधिकारी उपस्थित थे। शोभायात्रा में सेवानिवृत्त स्टेशन मास्टर विसनाथ यादव, एके मंडल, स्टेशन प्रबंधक जीके रेड्डी का उल्लेखनीय योगदान रहा।विसर्जन यात्रा में विधायक हर्शिता स्वामी बघेल, धनेश पटिला, विष्णु लोधी, पूनमचंद अग्रवाल, गोपाल खेमुका, जितेन्द्र सिंग बब्बू, विनोद खांडेकर, रामजी भारती, ट्रस्ट अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, चंद्रप्रकाश मिश्रा, महेन्द्र परिहार, पिताम्बर स्वामी, अनिल गट्टानी, संजय श्रीवास्तव, प्रकाश बिंदल, बबलू शांडिल्य, संजीव गोमास्ता, संजय अग्रवाल, रवि पचेरीवाल, गोविंद चोपड़ा, संध्या देशपांडे, गणेश नरेडी, सिद्ध गोपाल नरेडी, महेन्द्र भाई पटेल, अजय विजय अग्रवाल, आनंद अग्रवाल, मधु केशव नरेडी, राजू छाजेड़, नितिन पचेरीवाल, विपुल अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, मोनू शरद अग्रवाल, सत्यप्रकाश मिश्रा, अनिल शर्मा, थानेश्वर पटिला, कन्हैया अग्रवाल, राजकुमार नरेडी, शिशुपाल भारती, अजय ठाकुर, राजनारायण चंदेल, मधुसूदन अग्रवाल, योगेश अग्रवाल, आनंद सोनी, बंटी बिंदल, राजू नरेडी, मुन्ना जैन, अशोक साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

### पुलिस ने जब्त किया डीजे

**गंडई पंडरिया।** नवरात्र के समापन बाद 13 अक्टूबर को दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन किया गया। कुछ समिति वालों ने धुमाल के साथ शोभायात्रा निकाला। डीजे की धुन पर नाचते थिरकते लोगों ने श्रद्धा के साथ मां दुर्गा को बिदाई दी। जानकारी के अनुसार सुप्रीम कोर्ट के आदेश के परिपालन को देखते हुए पुलिस डीजे पर नजर रखे हुए थी। कुछ डीजे को समझाइश देकर बंद कराया गया। कवर्धा मार्ग में स्थापित सरस्वती माता की शोभायात्रा में बज रहे डीजे को पुलिस थाना ले गई।पंडाल वाले थाना के गेट के बाहर खड़े होकर बार बार डीजे को छोड़ने के लिए मिन्नते करते रहे किन्तु पुलिस ने समय पर नही छोड़ा। थाना प्रभारी भीमसेन यादव ने बताया कि डीजे के लिए तहसीलदार से परमिशन मांगा गया था। परमिशन नहीं मिलने के कारण कार्रवाई किया गया।



### सेवा गीतों के साथ माता को विदाई

**सड़क अतरिया।** नौ दिनों तक शक्ति की अराधना एवं पूजा अर्चना के बाद शनिवार से मां दुर्गा, सरस्वती प्रतिमा का विसर्जन का सिलसिला शुरू हुआ। कहीं पारंपरिक वाद्य यंत्र एवं सेवा गीत तो कहीं डीजे की धुन के साथ माता को विदाई दिया गया। गांव गांव में माता को विदाई देने लोगों की भीड़ उमड़ी रही। रविवार को खैरा में आयोजित विसर्जन समारोह में गीत संगीत पर लोग जमकर झूमें। कल सोमवार को सण्ड़ी तथा मंगलवार को खैरबना में दशहरा मनाया जाएगा। दोनों जगह रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया है।



### दुर्गा प्रतिमाएं विसर्जित



**मुरमुंदा।** नवरात्र समापन के बाद ज्योति कलशों का विसर्जन किया गया। गांव- गांव में विराजित मां दुर्गा प्रतिमा की पूजा अर्चना के बाद का विसर्जन किया गया। रेंगाकठेरा के गढ़ माता मंदिर में स्थापित ज्योत जवांरा विसर्जन किया गया। इसी प्रकार ग्राम मुरमुंदा की सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति ने रात्रि में प्रतिमा विसर्जित किया। इस दौरान ग्राम में भंडारा का आयोजन किया गया।

# रामलीला और आतिशबाजी के साथ रावण का दहन



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

दशहरा उत्सव समिति बधियाटोला में रामलीला के मंचन के बाद रावण पुतले का दहन अतिथियों ने किया। रंगबिरंगी आतिशबाजी के बीच बच्चों को राम-रावण एवं उनकी सेना के रूप में सजाकर रामलीला का मंचन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक विनोद खांडेकर एवं पार्षद अलका सहारे आदि ने सर्वप्रथम माता की पूजा कर राम सेना का स्वागत किया। आतिशबाजी के बीच राम रावण युद्ध के बाद रावण का दहन किया गया। इस दौरान संतुराव अन्ना, परविंदर सिंग मोंटी, प्रिंस कक्कड़, जगदीश तिवारी, रामकुमार डंडसेना, शंकर चंद्रवंशी, श्यामलाल टेकाम, श्यामाश्रेय, रामसुख निषाद, रामसुख पटेल, नरेन्द्र लाउत्रे सहित अन्य मौजूद थे।



# ग्लेजी यूनिट की जमीन पर कब्जा, कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

- जमीन दलालों की सहभागिता से विभाग बचा रहा अतिक्रमण

राजस्व विभाग के लचर सिस्टम के चलते शहर में अतिक्रमणकारियों के हौसले चरम पर है। लोग अब सरकारी जमीन पर हड़पने और बेचने से भी गुरेज नहीं कर रहे है। हालिया मामला छत्तीसगढ़ माटी कला बोर्ड को आबंटित जमीन पर कब्जा करने का सामने आया है। हैरानी वाली बात यह है कि शिकायत के बाद राजस्व विभाग कार्रवाई करने के बजाए अतिक्रमणकारियों को बचाने में लगा है।

कुंकार समाज के नंदलाल कुंभकार, यादवलाल, टेकश्वरलाल, राजू, रामलाल, गोपाल, मनोहर पाड़े, मुकेश कुंभकार, ईश्वर, राकेश, सेवाराम, झनकराम, गुलशन, रुपलाल, मनोहर पाडे, नोहर कुंभकार आदि ने 20 मई और तीन अक्टूबर को अनुविभागीय अधिकारी से शिकायत करते हुए बताया कि करियाटोला स्थित खसरा नं 168/ 2 रकबा 0.282 हेक्टेयर को ग्लेजी यूनिट स्थापना के लिए आबंटित किया गया है। आबंटित जमीन पर अब तक निर्माण शुरू नहीं हुआ है। जमीन के खाली होने के कारण लोगों ने कब्जा कर निर्माण करना शुरू कर दिया था। पूर्व में शिकायत करने पर अतिक्रमण हटाया गया था। कार्रवाई के कुछ दिनों बाद लोगों ने पुनः कब्जा करना शुरू कर दिया है। बताया जाता है कि अतिक्रमण में जमीन दलालों की दखल होने के बाद राजस्व विभाग कार्रवाई करने के बजाए अब जमीन की दिशा बदलने की कोशिश में है।

### मां कर्मा प्रतिमा की स्थापना

**डोंगरगढ़।** मां कर्मा कालोनी में मां कर्मा की मुर्ति स्थापना एवं लोकार्पण नगर साहू समाज, तहसील, जिला साहू समाज के पदाधिकारियों ने किया। इस दौरान मां कर्मा की पूजा अर्चना कर खिचड़ी, पुड़ी और खीर का भोग लगा कर प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर अशोक साहू, हेमंत साहू, कचरू हिरवानी, वीरेंद्र साहू, शिवकुमार साहू, मनोज साहू, दुर्गेश साहू, उपकार साहू, जोधन साहू, गिरीश साहू, सुजाता साहू, घनश्याम साहू, भगवानदीन साहू, ईश्वर साहू, मनोहर साहू, तिलोक चंद साहू, तेजेन्द्र साहू, रामलाल लारिया, जयप्रकाश साहू, देवीदास निर्मलकर, माधव शुक्ला आदि उपस्थित थे।

### आज से खुलेंगे स्कूलों के पट

**सड़क अतरिया।** नवरात्रि एवं विजयादशमी को लेकर स्कूलों में विगत 7 अक्टूबर से अवकाश था। करीब सप्ताह भर की छुट्टी के बाद कल से स्कूलों का पट खुलेंगे। स्कूलों में कल से चहल पहल देखने मिलेगी।



**पाठक सूचना**

राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

**8319268069, 9425565082**



फायदे की दिवाली इस बार बागड़ी ब्रदर्स वाली
सभी विश्व प्रसिद्ध कंपनियों की लेटेस्ट रेंज
46 वर्षों का है विश्वास
46% तक की छूट के साथ
0% में फायनेंस
निश्चित उपहार
एक्सचेंज और बुकिंग की भी सुविधा
0₹ देकर ले जाएं
बागड़ी ब्रदर्स में अब फर्नीचर भी
रामाधीन मार्ग राजनांदगांव

## परंपरानुसार मना विजयादशमी पर्व

# शाही सवारी निकली, राजा का दर्शन करने उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

रिसायतकालीन परंपरानुसार विजयादशमी को निकले राजा आर्यव्रत सिंह की शाही सवारी को देखने और उनका दर्शन करने के संगीत नगरी मे जनसैलाब उमड़ा। राजघराना दशहरा उत्सव समिति द्वारा आम लोगो से मेल मुलाकात के लिए शाही सवारी निकालने के निर्णय बाद रानी रश्मिदेवी सिंह नगर मे पूरे दिन राजा आर्यव्रत सिंह का आम लोगो से मेल मुलाकात का सिलसिला देर शाम तक जारी रहा। देर शाम सिविल लाइन दुर्गोत्सव समिति पंडाल मे उनके विधिवत माता रानी की पूजा अर्चना बाद शाही सवारी निकली, शहर भ्रमण के दौरान लोगो ने जगह जगह सवारी रोककर उनका तिलक लगाकर स्वागत किया, आरती उतारी और श्रीफल भेंट किया। महिलाओ ने राजा की बलाएँ उतारी और जी भर कर दुलार किया। फतेह मैदान मे शाही परंपरा अनुसार शानदार आतिशबाजी के बीच रावण दहन किया गया। इस दौरान राजपरिवार सदस्यो सहित कन्हैया सिंह बैस, जितेंद्र सिंह गौर, यतेंद्रजीत सिंह, कपिनाथ महोबिया, पलाश सिंह, बड़ी संख्या मे लोग मौजूद थे। रावण दहन बाद लोगो ने सांस्कृतिक कार्यक्रम मयारू भौजी का लुत्फ उठाया।





### प्रतिमा विसर्जन का दौर रहा जारी

विजयादशमी के दूसरे दिन शहर के अलग अलग समिति पंडालो मे स्थापित माता के विविध रूपो की प्रतिमा स्थापना के विसर्जन का दौर जारी रहा। भक्ति गीत, भजन, जसगीतो के साथ समिति सदस्यो ने नाचते गाते विसर्जन यात्रा निकाली जो शहर भ्रमण करते हुए उमराव पुल पहुँची जहॉ क्रमवार प्रतिमा विसर्जन किया गया। कोलाहल अधिनियम की बंदिशो के चलते कुछ समितियो ने विसर्जन यात्रा के दौरान निर्धारित डेसीबल के नियम का पालन किया तो ज्यादातर से परंपरागत गाजे बाजे और जसगीत के साथ माता को विदाई दी।

### रावण भाठा मे धूं धूं जला पुतला

नगर दशहरा उत्सव समिति द्वारा ईतवारी बाजार मे 51 फीट ऊचे रावण पुतले का दहन किया गया। इससे पहले माता की प्रतिमा साथ बांके बिहारी मंदिर से राम लक्ष्मण और हनुमान के प्रतीक साथ भव्य शोभा यात्रा निकली जो शहर भ्रमण करते ईतवारी बाजार पहुँची जहॉ शानदार रंगारंग आतिशबाजी के बीच रावण दहन किया गया। इस दौरान जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, नपा अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर, जिला भाजपाध्यक्ष घम्मन साहू, भाजयुमो जिलाध्यक्ष आयश सिंह बोनी सहित बड़ी संख्या मे जनप्रतिनिधि व वार्ड पार्षद मौजूद थे।

### प्राचीन परंपरा का हो रहा निर्वहन

पुरातन संस्कृति अनुसार मान्यता है कि विजयादशमी के दिन राजा और नीलकंठ पक्षी का दर्शन शुभ माना जाता है इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए संगीत नगरी मे रियासतकाल से सैकड़ों साल से राजा की शाही सवारी आम लोगो से मेल मुलाकात के लिए निकलती आ रही है हालांकि लोकतंत्र मे राजा प्रजा के बीच विभेद की स्थिति नही है लेकिन क्षेत्र मे रियासतकालीन परंपरा को लेकर लोगो मे खासा उत्साह रहता है। विधायक यशोदा वर्मा सहित कांग्रेस नेताओ ने भी राजा आर्यव्रत सिंह से मुलाकात कर दशहरे की बधाई दी जबकि राजशाही परंपरा का निर्वहन करने निकले राजा का दर्शन करने लोगो की भारी भीड़ उमड़ी।

# बंगाली समाज द्वारा सिंदूर खेला का आयोजन

**राजनांदगांव।** शहर के केसर नगर स्थित कालीबाड़ी मंदिर परिसर में बंगाली समाज के द्वारा आज सिंदूर खेला उत्सव का आयोजन किया गया। जहां महिलाओं ने एक दूसरे को सिंदूर लगाकर विजयदशमी पर्व की शुभकामनाएं दी और पति की लंबी आयु के साथ परिवार में सुख समृद्धि की कामना की ।

बंगाली समाज द्वारा नवरात्रि पर्व के षष्ठी से दशमीं तक काफी हर्षोल्लास के साथ दुर्गा पूजा का आयोजन किया जाता है , जिसमें विविध पूजन के साथ कई आयोजन किये जाते हैं। वहीं इस वर्ष दो तिथियां एक साथ होने की वजह से समाज द्वारा आज दशमी के पर्व मनाया गया। इस दौरान समाज की महिलाओं ने मां दुर्गा की पूजा अर्चना की और मां की प्रतिमा को सिंदूर अर्ण कर सभी महिलाओं ने सिंदूर खेला। इस आयोजन में मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन से पूर्व समाज की महिलाओं ने पान के पत्तों से मां दुर्गा की प्रतिमा पर सिंदूर अर्पण किया और इसके बाद पंडाल में मौजूद सभी महिलाओं ने एक दूसरे को सिंदूर लगाकर विजयदशमी की शुभकामनाएं दी। कालीबाड़ी मंदिर परिसर में आयोजित सिंदूर खेला उत्सव में बड़ी संख्या में बंगाली समाज की महिलाएं शामिल हुए और मां दुर्गा की प्रतिमा पर सिंदूर अर्पण करने के बाद अपने पति की लंबी आयु और परिवार में सुख समृद्धि की कामना की, सिंदूर खेला उत्सव में एक दूसरे को सिंदूर लगाते हुए महिलाएं भक्ति भाव में झूमती रही। सिन्दूर खेला की रस्म को लेकर समाज की श्रीमती सुतोपा राय और श्रीमती शुभ्रा दत्ता ने बताया कि इस रस्म में, महिलाएं मां दुर्गा के चरणों में सिंदूर अर्पित करती हैं और फिर उसी सिंदूर को अपनी मांग में भरकर अखंड सौभाग्य और सुख-समृद्धि की कामना करती हैं। माना जाता है कि यह रस्म सुहागिन महिलाओं को माता दुर्गा से अमर सुहाग का आशीर्वाद दिलाता है। जो उनके वैवाहिक जीवन को सुखी और समृद्ध बनाने में सहायक होता है।



# शस्त्र पूजन, एसपी बंसल ने बताया शस्त्र का महत्व



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

हर साल की तरह इस दफे भी पुलिस लाइन में विजयादशमी के दिन एसपी त्रिलोक बंसल ने विधिविधान से शस्त्र पूजा बाद हर्ष फायर किया।

एसपी त्रिलोक बंसल के साथ एएसपी नेहा पाण्डेय, एसडीओपी लालचंद मोहले, डीएसपी मुख्यालय प्रदीप येरेवार रक्षित निरीक्षक के देव राजू, टीआई जितेन्द्र बंजारे, सायबर सेल प्रभारी अनिल शर्मा, यातायात प्रभारी शक्ति सिंह सहित अमलीपारा वार्ड स्थित रक्षित केंद्र पुलिस कार्यालय के समस्त अधिकारियो व कर्मचारियो ने अस्त्र-शस्त्र सहित वाहनों की पूजा अर्चना बाद किसी भी निर्दोष पर शस्त्र का कभी भी उपयोग नही करने और असहाय आमजनों की हर संभव मदद कर उनकी रक्षा करने, असामाजिक तत्वों पर लगाम लगाने के साथ साथ अपराधियों के विरुद्ध उचित वैधानिक कर जिले को अपराध मुक्त बनाने का संकल्प लिया गया।

इस दौरान उन्होने जिले में शांति व्यवस्था, आपसी भाईचारा बने रहने की कामना करते हुए हवन कुड मे आहुति डाली और सभी के खुशहाली की कामना करते हुए विजयदशमी की बधाई दी।

### सदियो पुरानी है परंपरा

शस्त्र पूजा बाद एसपी त्रिलोक बंसल ने कहा पुलिस विभाग में शस्त्र का विशेष महत्व है। आम जनता की सुरक्षा के लिए पुलिस को कई बार शस्त्र भी उठाना पड़ता है। असत्य पर सत्य की जीत के विजयादशमी पर्व को इस तरह मनाए कि मन के अंदर की बुराईयो का नाश हो। बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की जीत के पर्व को लेकर कहा कि मान्यता है कि इसी दिन भगवान श्रीराम ने रावण का वध कर लंका पर विजय प्राप्त की थी इसलिए इसे विजयादशमी के नाम से भी जानते हैं। इसी दिन मां दुर्गा ने महिषासुर नामक राक्षस का वध किया था इसलिए इस दिन शस्त्र पूजन का विशेष महत्व है। एसपी त्रिलोक बंसल ने इस परंपरा को सदियो पुरानी बताते हुए कहा कि इसका सतत निर्वहन आज भी जारी है। पूजित शस्त्रों से एसपी, एएसपी, एसडीओपी सहित राज#####पत्रित अधिकारी व रक्षित निरीक्षको के द्वारा हवाई फायरिंग भी किया गया।

# बुनकर सहकारी समिति सदस्य मिले मंत्री से

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

पचास साल पुराने कर्मशाला भवन की जर्जर हालत का ध्यान दिलाते हुए बुनकरो ने प्रभारी मंत्री से नए भवन स्वीकृति की मांग की।

विधायक प्रतिनिधि व कांग्रेस नेता मनराखन देवांगन के अगुवाई मे बुनकर समिति अध्यक्ष भागवत देवांगन, प्रबंधक जीवन देवांगन, उपाध्यक्ष रामअवतार देवांगन ने मुलाकात के दौरान प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन को बताया कि छुईखदान बुनकर सहकारी समिति मर्यादित विज्ञान कर्मशाला भवन नए बस स्टैंड के पीछे स्थित है। जो लगभग 50 साल पुराना है और जर्जर अवस्था में है।



दीवारो की पपड़ी उधड़ गई है और कभी भी छत भरभराकर गिर सकती है। बुनकर कर्मशाला मे पचास से उपर बुनकर रोजी रोटी के लिए जान जोखिम मे डालकर काम करते है उन्होने कहा कि भवन की खसताहाल और जर्जर अवस्था को देखते हुए नया भवन निर्माण आवश्यक है इसके लिए सामान्य सुविधा केंद्र अंतर्गत राशि स्वीकृत करने की कृपा करे। प्रभारी मंत्री लखन लाल देवांगन ने बुनकरो को मांग को लेकर वाजिब कारवाई का भरोसा दिया है। इस दौरान समिति सदस्य राजेश देवांगन, मोरध्वज देवागन, कोदूराम देवांगन, परसादी देवांगन, युवराज देवांगन, ढेरहा राम देवांगन, रमेश कुमार देवांगन, हेमलाल देवांगन, रतन लाल देवांगन, कवल सिंह देवांगन, सीताराम देवांगन, खेदूराम देवांगन सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

# एक दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन

**राजनांदगांव।** शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के गृहविज्ञान विभाग द्वारा प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा तथा विभागाध्यक्ष ममता आर.देव के मार्गदर्शन में पोषण माह के तहत छत्तीसगढ़ी पारंपरिक व्यंजन तथा कम लागत वाले पौष्टिक व्यंजन विषय पर एक दिवसीय प्रर्दशनी का सफल आयोजन डॉ. रेणु त्रिपाठी व डॉ. अर्चना खरे द्वारा किया गया। प्रर्दशनी में सभी संकाय की जीई, डीएससी, बेसिक न्यूट्रिशन की छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें विभिन्न प्रकार के कम लागत वाले पौष्टिक व्यंजन तथा छत्तीसगढ़ी पारंपारिक व्यंजनों को प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी के माध्यम से विभिन्न व्यंजनों के पोषक मूल्यों और उनके उपचारात्मक गुणों की जानकारी दी गई तथा पोषण स्वास्थ्य और आहार के संबंध में जागरूकता प्रदान की गई। प्राचार्य ने छात्राओं द्वारा बनाएं गए विभिन्न प्रकार के व्यंजनों की सराहना की व आहार तथा पोषण के महत्व के संबंध में बताया।

मैसी ट्रैक्टर्स का नया शो रूम
दुर्गा पूजा, धनतेरस और दिवाली की हार्दिक शुभकामनाएं
इस उत्सव में, मैसी लो ज़बरदस्त जैकपॉट जीतो।
MASSEY FERGUSON
MF 7235 DI I 35HP रेंज (25.74 kW)
₹55 7235/-*
मैसी जैकपॉट
लकी ड्रा स्कीम
1 सितम्बर - 30 नवम्बर 2024
1ST प्राइज़ मारुति ऑल्टो - 1 नंबर
2ND प्राइज़ बुलेट 2 नंबर्स
3RD प्राइज़ बाइक्स 3 नंबर्स
4TH प्राइज़ रेफ्रिजरेटर 11 नंबर्स
5TH प्राइज़ एलईडी टीवी 15 नंबर्स
6TH प्राइज़ स्मार्ट फोन 21 नंबर्स
निश्चित उपहार
*नियम व शर्तें लागू। कीमतें सिर्फ ट्रैक्टर्स की हैं। एक्सेसरीज, रेजिस्ट्रेशन, इन्श्योरेंस, फाइनांस शुल्क अतिरिक्त। कीमत एक्सचेंज ऑफर पर लागू नहीं। यह स्कीम छत्तीसगढ़ डीलरों के सौजन्य से।
आवश्यकता है सेल्समेन खैरागढ़ - 5 पद छुईखदान - 5 पद
खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के अधिकृत विक्रेता
आकाश एग्रो
विवेकानंद स्कूल के सामने, छुईखदान रोड खैरागढ़, मो. 9098600787, 9425560651, 9407610051

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## सार समाचार

### राज्य स्तरीय क्रिकेट के लिए विद्यार्थियों का चयन

**राजनांदगाँव।** नीरज पब्लिक स्कूल के होनहार विद्यार्थी श्रीधर वैष्णव,



वर्णित सीमांकर, सानिध्य साहू का चयन क्रिकेट अंडर 14 वर्षीय बालक वर्ग हेतु शाला के खेल विभाग के प्रयास से खेल प्रशिक्षक क्रिकेट कोच हिमांशु यादव के कुशल मार्गदर्शन में गौरेला पेण्ड्रा रोड में 14 से 17 अक्टूबर तक होने वाले राज्य स्तरीय शालेय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। इनकी इस उपलब्धि पर एनपीएस क्रीड़ा विभाग के खेल अधिकारी निसार अब्बास खेल विभाग एवं शाला निदेशक मंडल, प्राचार्या सुश्री भारती गौते सहित शाला परिवार ने इस उपलब्धि पर ढेर सारी बधाईयाँ प्रेषित की।

### 10 दिवसीय प्रशिक्षण का समापन

**राजनांदगांव।** बड़ौदा आरसेटी में 10 दिवसीय बकरी पालन प्रशिक्षण का



समापन 11 अक्टूबर को मोहला- मानपुर विधायक इन्दर शाह मंडावी के मुख्य आतिथ्य में किया गया। यह प्रशिक्षण प्रोजेक्ट उन्नती के अंतर्गत मोहला-मानपुर-चौकी के मनरेगा मजदूर परिवार के लिए आयोजित किया गया। 10 दिवसीय निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण में इन्हें बैंकिंग, बचत, उद्यमिता विकास, समय प्रबंधन, बाजार सर्वे, प्रोजेक्ट रिपोर्ट व आत्मविश्वास बढ़ाने संबंधित खेल आरसेटी के निदेशक विपिन एक्का, ऋषभ मिश्रा, प्रेमचन्द साहू द्वारा, साथ ही बकरी पालन से संबंधित जानकारी डोमेन स्किल ट्रेनर अनीता साहू के माध्यम से दिया गया। इस अवसर पर श्री मंडावी ने अपने उद्बोधन में बकरी पालन की महत्ता और उनसे होने वाले लाभ के बारे में बताया साथ ही सभी को शीघ्र ही काम शुरू कर क्षेत्र का नाम रोशन करने की बात कही। कार्यक्रम को विपिन एक्का और नाबार्ड के डीडीएम नायक द्वारा भी संबोधित किया। विधायक द्वारा संस्था परिसर में पौधरोपण भी किया गया। संचालन ऋषभ मिश्रा द्वारा किया गया।

### विसर्जन के दौरान तालाब में युवक डूबा

**राजनांदगांव।** घुमका में मूर्ति विसर्जन के दौरान एक युवक तालाब के पानी में डूब गया जिससे उसकी मृत्यु हो गई, वही एक अन्य घटना में एक व्यक्ति ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। प्राप्त जानकारी अनुसार घुमका थाना क्षेत्र अंतर्गत घुमका में रविवार सुबह 9 से 10 क़े बीच घुमका में मूर्ति विसर्जन क़े दौरान बांस डिपो चौक क़े 22 वर्षीय नीलेश कुमार पटेल पिता राजकुमार पटेल का तालाब में डूबने से मौत हो गई नीलेश कुमार तीन भाइयो में छोटा था जो कि महिला बाल विकास विभाग घुमका परियोजना कार्यालय में डेली वेज पर चपरासी का काम करता था। उसके पिता राज कुमार मजदूरी कर जीवन यापन करते है ।मामले की जानकारी होते ही पुलिस ने मर्ग कायम किया। पोस्टमार्टम पश्चात मृत शरीर को परिजनों को सौंप दिया गया । अंतिम संस्कार पैतृक ग्राम खादी (सालहेवारा ) के मुक्ति धाम में की गई टी आई बसंत बघेल ने घटना की पुष्टि की है ।

**फांसी पर झूला-** वही घुमका क़े मोहंदी मार्ग में जिला क़े सी ज़ी क़े ग्राम आमदनी क़े 38 वर्षीय इंदल रजक पिता इतवारी रजक ने कपड़े को रस्सी बनाकरसड़क किनारे बबूल क़े पेड़ में फांसी लगा ली । जिसकी सूचना पुलिस को मिलते ही पुलिस घटनास्थल पहुंचकर मर्ग कायम कर जांच में ली है। शव पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया।







**राजनांदगांव।** राष्ट्रीय दशहरा उत्सव समिति द्वारा आयोजित स्टेट स्कूल मैदान में दशहरा महोत्सव के दौरान साधो द बैण्ड ग्रुप की आकर्षक प्रस्तुति के साथ रावण का पुतला दहन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह, सांसद संतोष पाण्डेय, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, महापौर हेमा देशमुख, संरक्षक बलदेव सिंह भाटिया, समिति के अध्यक्ष तथागत पाण्डे, राजेन्द्र यादव, योगेश बागड़ी सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# आतिशबाजी के साथ रावण के पुतले का दहन

हरिभूमि न्यूज ⏩ राजनांदगांव

विजयादशमी के पावन अवसर स्थानीय म्युनिसिपल स्कूल मैदान में छत्तीसगढ़ जन महोत्सव समिति के तत्वाधान में शानदार सत्रहवें वर्ष रावण दहन का आयोजन सम्पन्न किया गया।

आयोजन के दौरान पार्श्व गायिका शन्मुखा प्रिया की शानदार प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। इसके साथ ही मुम्बई की आकर्षक आतिशबाजी को भी शहर की जनता ने खूब सराहा। विजयादशमी महोत्सव में पार्श्व गायिका इंडियन आईडल फेम शन्मुखा प्रिया के गानों से संस्कारधानी झूमती रही। मुंबई से सारेगामापा एवं इंडियन आइडल की प्रतिभागी रही पार्श्व गायिका शन्मुखा प्रिया ने टीम के साथ अपनी मधुर आवाज में गीतों की प्रस्तुति दी। मुंबई की कम्प्यूटराइज्ड शानदार आतिशबाजी के साथ रावण दहन किया गया।

विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ जन महोत्सव जन महोत्सव समिति ने सत्रह वर्षों में लगातार एक से बढ़कर एक कलाकारों को बुलाकर कार्यक्रम की सफलता की ऊंचाइयों को छुआ है। उन्होंने कहा कि म्युनिसिपल स्कूल का मैदान अब दर्शकों के लिए छोटा पड़ने लगा है इसलिए मैदान को



कैसे बड़ा किया जाए इस पर विचार करना जरूरी है । डॉक्टर रमन सिंह ने समिति के अध्यक्ष सौरभ कोठारी, प्रशांत कांकरिया, हरीश शर्मा सहित सभी पदाधिकारियों को सफल आयोजन की बधाई दी।

आयोजन में मौजूद सांसद संतोष पांडेय ने रामायण के श्लोक से शुरुआत करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन हमें संस्कृति से जोड़े रखने का काम करते हैं। पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने भी सभी को विजयादशमी बधाई दी ।

अध्यक्ष सौरभ कोठारी ने सभी दर्शकों व समिति के सदस्यों व सहयोगियों का आभार जताते हुए कहा कि आप सभी के प्रेम स्नेह से छत्तीसगढ़ जन महोत्सव समिति ने आज अपना सत्रहवाँ साल पूरा किया है।

**राजनांदगांव।** राजा दिग्विजय दास विजयादशमी महोत्सव समिति द्वारा कमला कॉलेज ग्राउंड में बड़े धूमधाम से दशहरा उत्सव का आयोजन किया गया। इस उत्सव में पारंपरिक रीति-रिवाजों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ उड़ीसा की मशहूर आतिशबाजी का भी विशेष आकर्षण था।

आतिशबाजों ने कई रंग-बिरंगी आतिशबाजियों से आसमान को न सिर्फ रोशन किया, बल्कि सभी का दिल जीत लिया। इस आयोजन में म्यूजिक माफिया बैंड के कलाकारों ने अपनी बेहतरीन प्रस्तुति दी और श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस वर्ष के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने हिस्सा लिया। उपस्थित जनसमूह के साथ रावण दहन का प्रतीकात्मक



### सत्य की सदैव विजय होती है

दीपक बैज ने अपने संबोधन में भगवान श्रीराम के आदर्शों और उनके चरित्र पर प्रकाश डालते हुए छत्तीसगढ़ के महत्व का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ भगवान श्रीराम का ननिहाल है और इस भूमि का उनसे एक विशेष जुड़ाव है। उन्होंने यह भी कहा कि यह हमारे लिए गर्व की बात है कि हम उस प्रदेश से हैं, जहां भगवान राम का वनवास हुआ और इसी भूमि पर उन्होंने अनेक महत्वपूर्ण लीलाएं संपन्न कीं।

अनुष्ठान संपन्न किया। आयोजन समिति द्वारा 51 फीट ऊंचे रावण के पुतले का निर्माण किया गया था, जिसे धार्मिक अनुष्ठान के बाद आग के हवाले किया गया। यह दहन अधर्म पर धर्म और असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक माना जाता है। रावण दहन के समय उत्सव में हजारों की संख्या में शहर के नागरिकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और उत्साहपूर्वक इस धार्मिक आयोजन का हिस्सा बने।

## धूमधाम से मनाया गया विजया दशमी का पर्व

**राजनांदगांव।** कौमी एकता दशहरा उत्सव समिति द्वारा वरिष्ठ कांग्रेस नेता हफीज खान के नेतृत्व में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी धूमधाम से आतिशबाजी के साथ रावण के पुतले का दहन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में जनता उपस्थित रही। साथ ही बच्चों की डांस प्रतियोगिता एवं वार्ड के ऐसे रहवासी जिन्होंने जिले से लेकर प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर तक गौरी नगर व राजनांदगांव का नाम रौशन किया है उन्हें टीका लगाकर शॉल श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में सर्वप्रथम बच्चों व प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। तत्पश्चात आतिशबाजी का आनंद सहित प्रभु श्रीराम, श्रीलक्ष्मण व श्री हनुमान के रूप आये बच्चों के साथ रावण दहन किया गया।



उक्त अवसर पर समिति के अध्यक्ष हफीज खान ने कहा कि इस समिति के गठन व इस कार्यक्रम का उद्देश्य हमेशा से ही कौमी एकता को बढ़ावा देते हुए आपसी सौहाद्र का संदेश देना है। हर एक पर्व हम यहां बड़े ही धूमधाम के साथ मनाते हैं। इसी कड़ी में इस साल भी भव्य आतिशबाजी व रावण दहन का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। साथ ही हमारी परंपरा रही है कि बच्चों व वार्ड की उभरती प्रतिभाओं को बढ़ावा देने उनका सम्मान करना है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सम्मान पाने वालों में वार्ड के वरिष्ठ नागरिक श्री हाजी हलीम बख्श गाजी, हज्जन सबीहा गाजी को हज करके लौटने पर कौमी एकता दशहरा उत्सव समिति द्वारा सम्मान किया गया।

# बागेश्वर धाम में की पदयात्रियों की सेवा

**राजनांदगाँव।** संस्कारधानी में श्री बागेश्वर धाम मंदिर में संयुक्त पदयात्री सेवा पंडाल लगाया गया जिसमें श्री बागेश्वर मंदिर धर्मार्थ टस्ट्र, दीया मंडल गायत्री परिवार, बालरत्न मंच सेवा समिति के साथ-साथ कस्तूरबा मंडल सहित अन्य सेवा सामाजिक संस्थाओं के द्वारा श्रमदान सेवा प्रदान की गई।

इस अवसर पर जिलाधीश संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग व तहसीलदार मनीष वर्मा सपरिवार महाआरती में शामिल हुए। उन्हें आयोजन समिति के संयोजक पंकज गुप्ता, सौरभ खंडेलवाल, सूरज गुप्ता द्वारा पदयात्री सेवा पंडाल में संचालित होने वाली सुविधाओ सेवाओ, धार्मिक आयोजन के बारे में जानकारी दी गई। आयोजन समिति की स्वागत अध्यक्ष प्रज्ञा गुप्ता द्वारा तिलक लगाकर व महिला अध्यक्ष श्रीमती मधु खंडेलवाल द्वारा माता का गमछा पहनाकर अतिथियों का स्वागत किया गया ।

इस अवसर पर कलेक्टर संजय अग्रवाल एसपी मोहित गर्ग, तहसीलदार मनीष वर्मा द्वारा श्री बागेश्वर धर्मार्थ ट्रस्ट एवं संलग्न संस्थाओं के संयुक्त सेवा कार्यो की प्रशंसा की तथा कहा कि यहां के सेवा, सामाजिक, धार्मिक कार्यो में संस्कारधानी के नाम अनुरूप उसकी झलक दिखती है, यही सेवा संस्कार आगे के भविष्य में




बच्चों को मिलेगी। आभार प्रदर्शन आयोजन समिति के अध्यक्ष संदेश जैन द्वारा किया गया। अंत में देश के प्रसिद्ध समाजसेवी जन सेवा में समर्पित, अग्रणीय रहने वाले उद्योगपति स्व रतन टाटा को 2 मिनट का मौन रखकर श्रंद्धाजलि अर्पित की गई । इस अवसर पर प्रथम राजनांदगाँव रत्न डीसी जैन, संस्था के संरक्षक सोहनलाल गुप्ता, कैलाशचंद गुप्ता, लक्ष्मी देवी गुप्ता, संयोजक राजेश शर्मा, योगेश साहू कोषाध्यक्ष महेश शर्मा, मनीष यादव, रामावतार जोशी, ज्योति गुप्ता, नवीन अग्रहरि, अजय गुप्ता, यशोदा गुप्ता, विकास गुप्ता बालसेवक प्रांजलि गुप्ता, प्रांजल गुप्ता आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ दी मातारानी को आहूति

- विभिन्न संस्कारों के साथ सम्पन्न किए गए पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ

**राजनांदगांव।** स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ में नवरात्रि नवमीं को पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमे बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर वैदिक मन्त्रोंच्चार के बीच स्वाहा ध्वनि के साथ मां गायत्री को आहुति प्रदान की। गायत्री शक्तिपीठ के प्रमुख ट्रस्टी सूर्यकांत चितलांग्या व उप ट्रस्टी बृजकिशोर सुरजन ने आगत जनों को शारदीय नवरात्रि पर्व की सबको शुभकामनाएं देते हुए सबका स्वागत किया। शक्तिपीठ में आयोजित पांच कुण्डीय यज्ञ के पहले मां गायत्री प्रतिमा के सामने बड़ी संख्या में सनातन धर्म के विभिन्न संस्कार सम्पन्न किए गए। जिसमें मंदिर के पुरोहित त्रिवेंद्र ठाकुर व



खेमसिंह ठाकुर ने देवशक्ति शर्मा, रोली शर्मा, वर्धन शर्मा का दीक्षा संस्कार तथा पुष्टि शर्मा का मुंडन संस्कार सम्पन्न कराया गया। सुदेश साहू, रौशनी साहू, डीकेश्वर, हूलसी साहू का भी दीक्षा संस्कार कराया गया। वहीं पुष्पा व तारिणी सिन्हा के भी वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच संस्कार संपन्न कराए गए। इस दौरान संस्कार सम्पन्न कराने वालों की मंदिर में खासी भीड़ रही। गायत्री शक्तिपीठ प्रांगण में आयोजित पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ में आहुति प्रदान करने पूर्व महापौर सुदेश देशमुख, सूर्यकांत चित्रांग्दा, नंदकिशोर सुरजन, अलका सुरजन, सुषमा सुरजन, मुरलीधर चौधरी, जयंती भाई, हिरेन ठक्कर, सुनील ठक्कर, सुखनंदन साहू, गोविंद भाई पटेल, जुगल किशोर लड्ढा, राधा लड्ढा, हरीश गांधी, रुपाली गांधी, राजा गुप्ता, विनय धनसाय, केतकी साहू, सालिकराम, इंदू बहनजी, श्रीमती अंजनी कोशा, सौरभ खंडेलवाल, राहुल अग्रवाल विजय कौशिक, भेष कुमार साहू आदि बड़ी संख्या में गायत्री परिजनों व सत्य सनातन धर्मियों की उपस्थिति बनी रही। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संगीत मयी यज्ञानुष्ठान का संचालन पुरोहित नृपाराम व सुखमन सहित जयंती बहन व सुश्री ज्योति साहू ने किया। कार्यक्रम के अंत में मां गायत्री के महाप्रसादी रुप में भोज - भंडारे का आयोजन किया गया जिसका समस्त श्रद्धालुओं ने मां गायत्री की महाप्रसादी ग्रहण की और शारदीय नवरात्रि पर्व की एक-दूसरे को ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उक्ताशय की जानकारी शक्तिपीठ के व्यवस्थापक ओमप्रकाश ने दी है।

# रास गरबा उत्सव का रंगारंग समापन, प्रतिभागी पुरस्कृत

## पूर्व सांसद अभिषेक सिंह सहित सपरिवार शामिल हुए अधिकारीगण

- अंतिम दिन बंगाली थीम पर रास गरबा की रही धूम

**राजनांदगांव।** समाज के अलग-अलग क्षेत्र में काम करने वाले समाज सेवियों को रास गरबा उत्सव में उनके श्रेष्ठ कामों के लिए सम्मानित किया गया। उत्सव के अंतिम दिन बंगाली थीम पर आयोजित रास गरबा स्पर्धा की जबरदस्त धूम रही। कार्यक्रम के अंतिम दौर तक दर्शकों ने रास गरबा का आनंद लिया। वहीं रंगारंग समापन के साथ आयोजन में हिस्सा लेने वाले समस्त प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया है।

राष्ट्रीय करणी सेना और पद्मावत महिला कल्याण समिति तथा कृष्ण सांस्कृतिक महिला समिति के संयुक्त तत्वाधान में ऑडिटोरियम में आयोजित चार दिवसीय रास गरबा उत्सव का गुरुवार देर रात रंगारंग समापन हुआ। आयोजन की शुरुआत में सर्वप्रथम पूर्व सांसद अभिषेक सिंह को राजपूताना शौर्य के प्रतीक साफा और तलवार देकर राष्ट्रीय करणी सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय बहादुर सिंह ने स्वागत किया। इसके बाद बंगाली थीम पर आयोजित रास गरबा स्पर्धा का



### राजपूत ने देश को जोड़ा : अभिषेक

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने कहा कि राजपूत समाज ने हमेशा समाज के हितों में काम किया है। समाज ने देश को जोड़ने में कभी भी कोई कसर नहीं छोड़ी। इतिहास से लेकर आज तक राजपूत समाज केवल सामाजिक हितों के लिए ही काम करता आ रहा है। उन्होंने राजनांदगांव की छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा की महिला इकाई को भी समाज सेवा के कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए सम्मानित किया और उनके कामों की सराहना भी की। इस अवसर पर राजनांदगांव कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसपी मोहित गर्ग, विनोद गोस्वामी, अशोक पांडे, अशोक जैन, विजय बहादुर सिंह, अजय सोनी, सूरज यदु, नीरा साहू, विजेता यदु, पुष्पेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में कृष्णा समिति और दुर्गा समिति का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन शरद श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए करणी सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय बहादुर सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया है।

आयोजन किया गया, जिसमें रोहिणी देशमुख, जया पटेल, लक्ष्य शर्मा, मोनिका ठाकुर, शारदा अग्रवाल, सार्थक अम्बादे, ईशानी शर्मा, शौर्य सोनी, रतिका सोनी, धर्मेन्द साहू, सुप्रिया, लक्ष्मी वासनिक, विश्रुति मिश्रा, अल्का राजपूत, स्वान्जिल सिंह, प्रमय सोनी ने अपनी अद्भुत प्रस्तुति दी। चार दिन तक चले इस गरबा उत्सव में अलग-अलग थीम पर आयोजित स्पर्धा में विजेता रहे प्रतिभागियों को दीपाली झा, निकिता अग्रवाल, जागृति गर्ग, शीतल बंसल ने अपने हाथों से पुरस्कृत किया।

## लायंस गरबा उत्सव में शामिल हुए सांसद संतोष पांडे

- बेस्ट परफॉर्मर्स पर बांटे गए बंपर इनाम

**राजनांदगांव।** गायत्री स्कूल मैदान में आयोजित लायंस इंटरनेशनल गरबा उत्सव- 2024 में लगातार माननीय अतिथियो का आगमन बना हुआ है। विधायक व छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ रमनसिंह सहित कलेक्टर, एसपी, निगम आयुक्त से लेकर मीडिया जगत के वरिष्ठ पत्रकार, साहित्यकार के अलावा उद्योगपति समाजसेवी नेता व जनप्रतिनिधियों का प्यार व स्नेह लगातार लायंस क्लब को मिलता रहा है।

इस दौरान पद्मश्री डा.पुखराज बाफना, शारदा तिवारी, तरणदीप सिंह अरोरा, बृजकिशोर सुरजन, राजा माखीजा, संतोष लोहिया, राजकुमार शर्मा, कंचन शर्मा, हलीम बख्श गाजी, सबीहा गाजी, शरद अग्रवाल, सूरज खंडेलवाल, ओमप्रकाश भूतड़ा, प्रशांत सोनी, पार्षद राजेश जैन राणू, सौरभ अग्रवाल उपस्थित थे।

अष्टमी व नवमी तिथि के इस गरब उत्सव आयोजन में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। बेस्ट गरबा के



### आयोजन की प्रशंसा

गुरूवार नवरात्रि पर्व की अष्टमी तिथि को जिले के सांसद संतोष पाण्डे, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता नीलू शर्मा के साथ लायंस गरबा उत्सव में पधार कर आयोजन में धार्मिकता के रंग भर दिए। भाजपा प्रवक्ता नीलू शर्मा, प्रदेश भाजपा महामंत्री भरत वर्मा आदि के साथ लायंस गरबा उत्सव में पहुंचे सांसद श्री पांडे ने लायंस क्लब के इस आयोजन की प्रशंसा की और कहा कि सनातन संस्कृति व इसकी धार्मिक परंपराओं की अक्क्षुणता को बनाए रखने में लायंस क्लब का विशेष योगदान है।

लिए भूमिका दवे और त्रिलोक यादव रहे। इसी तरह बेस्ट ड्रेस के लिए पलक ठाकुर व तरुण तथा बेस्ट ड्यूएड के लिए वंशिका व खुश्बू ध्रुवे को पुरस्कृत किया गया। गरबा उत्सव में बेस्ट दिलदार परफार्मिंग के लिए दशरथ वारशी व घनश्याम साहू तथा बेस्ट लवली परफॉर्मेंस के लिए भारती चौरसिया व विश्व रुपी मिश्रा एवं श्रीमती रजनी अग्रवाल को सम्मानित किया गया। वहीं बेस्ट किड में प्रांजलि मिश्रा, पुस्पिता शर्मा, पलक शर्मा विजेता रही।

इस दौरान शोभा- राजकुमार शर्मा व कंचन- मुकेश चौबे द्वारा मातारानी की पूजा अर्चना कर लायंस पदाधिकारियों सहित गणमान्य जनों ने श्रेष्ठ गरबा के प्रदर्शनों से पुरस्कृत होने वाले गरबा प्रतियोगियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

HP आवश्यकता है HP
1. कम्प्यूटर ऑपरेटर (वेतन 9000/- रुपए) - 3 पद
2. मैनेजर - 1 पद
3. मेकेनिक (अनुभवी को प्राथमिकता) - 2 पद
4. वाहन चालक (वेतन 9000/-, अनुभवी को प्राथमिकता) 4 पद
समस्त दस्तावेज के साथ स्वयं संपर्क करें।
मे. पदमा गैस एजेंसी
मोगरा कालोनी डोंगरगांव

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्पेशल ट्रेन से

21 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024, 24 मई से 03 जून 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग,
श्री कन्याकुमारी, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी
राशि :- स्लीपर 16500/- 3 एसी-27,500/- 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रधानमंत्री ग्राम सडक से पंडरिया व कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के लिए 14 सडको के लिए 15 करोड़ 25 लाख स्वीकृत

# जिले में 14 सड़कों के निर्माण के लिए 15 करोड़ 25 लाख मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा की अनुशंसा पर राज्य सरकार ने पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के लिए 10 और कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के लिए 4 कुल 14 सड़के स्वीकृत हुई है। इन पर 15 करोड़ 25 लाख व्यय होंगे। इन सडको के लिए विभागीय स्वीकृतियां जारी की गई है। क्षेत्र के निवासियों के लिए यह सभी सड़के अत्यंत महत्वपूर्ण है। इनके माध्यम से कई गांव मुख्य मार्ग से सीधे जुड़ जाएंगे। इन सडको से हजारों लोगो को आवागमन में सुविधा होगी। कबीरधाम जिले में स्वीकृत 14 सड़को के निर्माण होने से जिले में संपर्क क्रांति के लिहाज से महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में मूलभूत तथा बुनियादी सुविधाओं का लगातार विस्तार हो रहा है। कबीरधाम जिले में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से क्षेत्र में नित नए सडको के निर्माण के लिए स्वीकृतियां मिल रही है। आने वाले समय में वनांचल से लेकर मैदानी क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीणों को सडक मार्ग आवागमन में सुविधा होगी। इससे कृषको को भी परिवहन में बड़ी राहत मिलेगी।

### सड़कों के निर्माण से यात्रा सुगम होगा



बोक्करखार से अमापानी 5 किमी 188.47 लाख, एन एच 12 से दुल्लापुर 2.85 किमी 48.66 लाख, गेगड़ा से चचेडी 3.65 किमी 281.32 लाख इन्दौरी से बहरमुड़ा 2.80 किमी 124.36 लाख, मेनरोड से हीरापुर 1.50 किमी 64.75 लाख, मरका से खैरवार 2.75 किमी 216.63 लाख, बाहबलियां से बम्हईपुर 1.90 किमी 50.01 लाख, झेरियाकला से सिरमाडबरी 0.80 किमी 41.69 लाख, माहीडबरा से बिरहुलडीह 9.80 किमी 202.81 लाख, खैरझिटी से सेमरिया 2.10 किमी 92 .68 लाख, मेनरोड एस एच 09 से रक्से 1.10 किमी 54 .12 लाख, पवनतरा से रानीदहरा 2.30 किमी 87.98 सहपुर लोहारा से विरेन्द्र नगर .50 किमी 44 .82 लाख , वीरेंद्र नगर से कोहडिया 0.30 किमी 27 .61 लाख। जिले में कुल 14 नई सडक 37 .35 किलोमीटर के लिए 15.25 करोड़ रूपए की लागत से प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना से स्वीकृति मिली है, इन सडको के निर्माण से ग्रामीणों को यातायात में सुविधा होगी।

# ग्राम पंचायत बामी मे आज पं विवेक शर्मा का जस गीत कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स./लोहारा



सहसपुर लोहारा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बामी में शारदीय नवरात्र, विजय दशमी पर्व के उपलक्ष में आज विजय दशमी के तीसरे दिन छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध लोकगायक पंडित विवेक शर्मा के जस गीत कार्यक्रम का रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत बामी की सरपंच श्रीमती जामबाई टोपसिंह साहू, पंचगण, दुर्गा सेवा समिति समस्त ग्राम वासियों के द्वारा रखा गया है।

जिसमें टोपसिंह साहू ने बताया कि बड़ी मुश्किल से दशहरा उत्सव के लिए पंडित विवेक शर्मा का कार्यक्रम मिला है, अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनावें।

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध कलाकार जस गीत गायक पंडित विवेक शर्मा अपने सुप्रसिद्ध जस गीत, सोलह सिंगार करके, मोला बेटा कहिके बुला ले महामाई, मोर दुर्गा दुलवरिन तंय पहुना बन के आये, दीवाना हूं दीवाना श्री राम का मैं दीवाना जैसे सुप्रसिद्ध जस गीत व देवी भजनों से आज 14 अक्टूबर 2024 को अपनी कला कौशल से ग्राम पंचायत बामी में अपनी भजन गायकी की कला का प्रदर्शन करेंगे। ग्राम पंचायत बामी की सरपंच श्रीमती जामबाई टोपसिंह साहू ने समस्त क्षेत्रवासियों से इस दशहरा उत्सव में शामिल होकर पंडित विवेक शर्मा के भजनों, जस गीतों का आनंद लेने कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। ग्राम पंचायत बामी ग्राम सिल्हाटी से पश्चिम में 08 किलोमीटर की दुरी पर स्थित है।

### सरगम संगीत कार्यक्रम में देर-रात तक झूमते रहे लोगः विजय शर्मा

**हरिभूमि कवर्धा।** सरगम ग्रुप द्वारा आयोजित मां काली मंदिर प्रांगण में नवरात्र जगराता संगीत कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मनहरण कौशिक, अनिल सिंह द्वारा मां काली की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस जगराता कार्यक्रम में विजय शर्मा उपमुखमंत्री ने कहा अपने व्यस्तम समय से समय निकाल कर समय देकर ऐसा आयोजन करना बहुत बड़ी बात है। संगीत नई ऊर्जा,उमंग व भक्तिभाव के वातावरण का संचार करता है। मनहरण कौशिक ने कहा सरगम ग्रुप का प्रयास सराहनीय है। शहर में अनेकों सफल कार्यक्रम का संचालन किया है। गायक कलाकार, महेश सिंह ठाकुर, स्वतंत्र श्रीवास्तव, शिवेंद्र चंद्रवंशी, गेहेश चंद्रवंशी, गौरव गुप्ता, मीनाक्षी केसरवानी ने भक्ति गाना गाकर लोगो का मन मोह लिया।

# घोटिया रोड में सड़क निर्माण को लेकर उपमुख्यमंत्री ने जनसंपर्क कर लोगो से की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कवर्धा वासियों को बड़ी सौगात दी है। लगभग 11 करोड़ रूपए के लागत से स्थानीय ठाकुर देव चौक से हाई टेक बस स्टैंड तक सडक निर्माण एवं चौडीकरण कार्य किया जाना है, उक्त सड़क निर्माण के लिए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भूमिपूजन भी कर दिया है, यह सड़क होते नए हाईटेक बस स्टैंड के लिए संजीवनी साबित होगी। ठाकुर देव चौक से लेकर जुनवानी तक 11 करोड रुपए से अधिक की लागत से सड़क निर्माण के दौरान सड़क चौडीकरण में कुछ घर प्रभावित भी होंगे, इसे लेकर संवेदनशील उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने वार्ड में जाकर लोगो से घर-घर सम्पर्क कर चर्चा की है। जनसम्पर्क के दौरान स्थानीय विधायक एवं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा विगत 10 वर्षो से नव निर्मित बस स्टैंड का समुचित उपयोग नही हो पा रहा है, इस सड़क के निर्माण से निश्चित रूप से नया बस स्टैंड प्रारंभ करने में सुविधा होगी वही,भविष्य में प्रस्तावित बहुप्रतीक्षित मेडिकल कॉलेज के बाद इस सड़क का महत्व और बढ़ जाएगा। इस सड़क से शहर का विकास और विस्तार होगा नए रोजगार के अवसर सृजित होंगे, उन्होंने कहा मेरा मानना है विकास के कार्य में जनभागीदारी होना आवश्यक है इससे गुणवत्तापूर्ण निर्माण एवं कार्य करने में सुगमता होती है, उन्होंने कहा वार्ड वासियों को सकरी सड़क के चलते हैवी ट्रैफिक से दिक्कत का सामना करना पड़ता है इस सड़क के बनने से व्यवसायिक उपक्रम के लिए भी सुविधा होगी।

यह सड़क कवर्धा के मुख्य मार्ग में शामिल होकर कवर्धा के विकास को गति देगा। उन्होंने कहा चौड़ीकरण से कुछ घर प्रभावित भी होगे उनके साथ बैठकर स्थानीय प्रशासन समन्वय स्थापित कर कार्य करेंगे।

वार्डवासियों को नये सड़क निर्माण के लिए बधाई देते हुए उन्होंने कहा शहर विकास के लिए आप सबका योगदान एवं सुझाव महत्वपूर्व है। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष एवं स्थानीय पार्षद मनहरण कौशिक ने कहा पुरे वार्डवासी बहुत दिनों से प्रतीक्षा में थे कि जल्द ही घोटिया रोड़ का निर्माण हो विजय शर्मा ने इसे प्राथमिकता देते हुए 11 करोड़ रूपए की स्वीकृति दिलाऐ है निश्चित रूप से यह मार्ग कवर्धा शहर का मुख्य मार्ग बनेगा लोगो की सड़क निर्माण से सुविधा होगी। उन्होंने सडक स्वीकृति एवं जन सम्पर्क के लिए उप मुख्यमंत्री का आभार जताया। इस दौरान भाजपा के पदाधिकारी गणमान्य

# शनिवार को मनाया गया शाही दशहरा राजा खड्गराज सिंह की निकली शाही सवारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सहसपुर लोहारा

सहसपुर लोहारा में शाही दशहरा की परंपरा 200 साल से भी पुरानी है, सहसपुर लोहारा में राज परिवार के राजा साहब स्वर्गीय महाराज यशवंतराज सिंह इस परंपरा का निर्वहन करते आ रहे थे जो आज भी कायम है। राजा साहब स्वर्गीय यशवंतराज सिंह के पुत्र राजा साहब खड्गराज सिंह इस परम्परा का निर्वहन सम्पूर्ण राज शाही ठाठ बाट से कर रहे हैं। सहसपुर लोहारा राज के अंतर्गत 84 गांव आते हैं। पिछले दिनों में दशहरा के दौरान राजा ठाठ बाट से रथ लेकर नगर भ्रमण के लिए निकलते थे। इस दौरान गाड़ियों को विशेष रूप से सजाया जाता था। पूर्व में राजा साहब अपनी खुली पेट्रोल जीप से भी निकलते थे। शाही दशहरे की परंपरा महाराजा स्वर्गीय यशवंत राज सिंह से पूर्व से चली आ रही है। विजयदशमी की सुबह राजा खड्गराज सिंह स्नान करके अपने कुल देवी भगवती मंदिर में दर्शन पूजन करने जाते हैं। जिसके बाद राज महल में शस्त्र पूजन करते हैं। अपने राजसी वेशभूषा से अलंकृत होकर रथ में विराजित होने के लिए राजा राजमहल से निकलते हैं। तब राजा साहब की माता अनुसुईया देवी राजा साहब को तिलक करतीं हैं एवं रानी आकांक्षा सिंह पूरे श्रृंगार युक्त होकर राजा साहब को तिलक लगाकर मंगल आरती करती हैं। राजा का शाही रथ राज महल से निकल कर पारंपरिक बाजे के साथ नगर भ्रमण के लिए भगवती मंदिर, राधा कृष्ण जमात मंदिर, हनुमान मंदिर, शीतला मंदिर होते हुए लगभग 7 बजे रावण भांठा मैदान तहसील कार्यालय के पीछे पहुंची। जहां राजा खड्गराज सिंह ने रावण के पुतले का पूजन किया एवं उनके प्रतिनिधि के द्वारा रावण का दहन किया गया। फिर विजय रथ नगर के दुसरे मार्ग से भ्रमण करते हुए राज महल मार्ग पहुंची। वार्ड नंबर 10 में राजा खड्गराज सिंह ने शंकराचार्य शिष्य पण्डित देव दत्त दुबे का अभिवादन स्वीकार कर राजा साहब ने अभिवादन किया।

वही शाही सवारी शंकर मंदिर, लक्ष्मी मंदिर, कुल देवी भगवती मंदिर होते हुए विजय रथ राज महल प्रांगण में स्थित राम मंदिर होते हुए राज महल पहुंची। राजा साहब के द्वारा नगर के समस्त मंदिर के देवी देवताओं से आम जनता की खुशहाली, तरक्की की कामना की गई। दशहरा के अवसर पर दुर दराज से हजारों की भीड़ राजा के दर्शन करने पहुंचती है, भ्रमण के बाद राजा खड्गराज सिंह का राज महल में दरबार लगाता है। जहां राजा से नगरवासी ने श्रीफल भेंट किया।

### असत्य पर सत्य की विजय का पर्व है विजयादशमी : डिप्टी सीएम



**हरिभूमि कवर्धा।** स्थानीय विधायक एवं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पिपरिया ,बोडला एवं कवर्धा में रहकर दशहरा उत्सव में शामिल हुए इस अवसर पर उन्होंने दुर्गा पंडाल जाकर आशीर्वाद लिया और प्रदेशवासियों को विजयादशमी पर्व की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि असत्य पर सत्य की विजय का पर्व है विजयादशमी पर्व। मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम ने मर्यादा और शील का पाठ पढाया है हमे इसका अनुकरण कराना चाहिए।

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि विजयादशमी बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक यह पर्व आपके जीवन में खुशियों और सफलताओं का संचार करे। उन्होंने कहा कि आशा है कि इस दिन आपको जीवन में नई ऊर्जा, साहस और विजय की प्राप्ति हो। इस दौरान सहज सरल विजय शर्मा ने हमेशा की तरह कवर्धा में मेले के गुमटियों ठेले में जाकर मेला का लुफ्त उठाया।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071









**विदाई :** मां दुर्गा को गाजे-बाजे व नाचते गाते दी गई भावभीनी विदाई

# शहर व अंचल में विधि-विधान के साथ किया मां दुर्गा प्रतिमा विसर्जित

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले में क्वांर शारदीय नवरात्रि पर्व श्रद्धा-भक्ति एवं उत्साह के संपन्न हुआ। वहीं शहर सहित ग्रामीण अंचलों में देवी मंदिरों में शनिवार को विधि-विधान से ज्योति कलश विसर्जन किया गया। वहीं रविवार को मां दुर्गा उत्सव समिति के श्रद्धालुओं व भक्तजनो द्वारा मां दुर्गा प्रतिमा विसर्जन गाजे बाजे के धून में नाचते गाते व विधि विधान से पूजा अर्चना कर किया।

साथ ही साथ मां शक्तिस्वरुपा माता से क्षमा प्रार्थना की। मां दुर्गा विसर्जन शहर भ्रमण करते हुए मुख्य मार्ग व चौक चौराहों से नगर के मां काली मंदिर तालाब व भोजली तालाब में भक्तजनों व श्रद्धालुओ द्वारा नम आंखों से मां की प्रतिमा विजर्सन किया गया।

## नौ दिनो तक सेवा-भाव के बाद मां दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन करने जुटे श्रद्धालु





**बरबसपुर।** शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम दौजरी में मां दुर्गा प्रतिमाओ की स्थापित की गई वहीं नौ दिनों तक श्रद्धा-भक्ति के साथ पूजा-आरती किया गया, सेवा-गीत -भजन के साथ रविवार को मां दुर्गा की प्रतिमाओ की विसर्जन किया गया, इस दौरान बड़ी संख्या मां श्रद्धालु और मां दुर्गा उत्सव समिति के भक्तजन व ग्रामीण जन उपस्थित थें।



## कोलेगांव में मां दुर्गा प्रतिमा विसर्जन की गई

**कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम कोलेगांव सहित आसपास के ग्राम भगतपुर, धनेली, बसनी, मोहतरा कला, घोरपेंड्री, पीपरमाटी, कुआमालगी में मां दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन किया गया, जिसमें ग्राम कोलेगांव मां महामाया, बजरंग दल, मां शारदा एवं जय बूढ़ा महादेव समिति द्वारा बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ गाजे बाजे के साथ नगर भ्रमण कर नाचते गाते व ग्रामवासियों द्वारा विधि-विधान से पूजा अर्चना कर सुख-शांति व समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं मां दुर्गा विसर्जन के दौरान भारी संख्या में मां दुर्गा समिति कार्यकर्ता व श्रद्धालुओं गण उपस्थित थें।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली वाहन के चपेट में आने से वाहन चालक की दर्दनाक मौत

## बोड़ला पुलिस शव बराबद कर जांच में जुटी

- तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलटा।

हरिभूमि न्यूज ⏭बोड़ला



जिले में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है वहीं रविवार को कबीरधाम जिले के बोड़ला विकासखंड अंतर्गत भोंदा में मां दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान एक ट्रैक्टर ड्राइवर की मौत हो गई।

यह पूरा मामला बोड़ला थाना क्षेत्र के ग्राम भोंदा की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम भोंदा में मां दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के लिए नगर भ्रमण कर ग्रामीणो व भक्तजनों द्वारा तालाब में विसर्जन करने के बाद ट्रैक्टर ट्रॉली वापस आ रही थी। तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर खाई में उतर गई, जिससे चालक ट्रैक्टर-ट्रॉली वाहन चालक ने कुदकर अपने जान बचाने का प्रयास किया लेकिन इस दौरान ट्रैक्टर-ट्रॉली के चक्के के नीचे दबने से ट्रैक्टर-ट्रॉली वाहन चालक संजू मरावी निवासी ग्राम भोंदा की मौके पर मौत हो गई। हादसे के बाद ग्रामीणों ने बोड़ला पुलिस को पूरी घटना की सूचना दी गई तत्पश्चात बोड़ला पुलिस ने घटना स्थल पहुंच कर मर्ग कायम किया और शव को पीएम के लिए भेजकर बोड़ला पुलिस मामले की जांच में जुट हुई है।

## खबर संक्षेप

### बघर्रा में 40 वर्षों से दशहरा के अवसर पर श्रीरामलीला का मंचन



**हरिभूमि कुण्डा।** समीपस्थ ग्राम पंचायत बघर्रा में ग्रामवासियों द्वारा 150 वर्षों से अनंग माता जग-ज्वांरा का आयोजन किया जा रहा है वहीं पर इसी आयोजन में विजयादशमी के पावन अवसर पर ग्रामवासियों द्वारा आदर्श रामलीला मंडली बघर्रा के तत्वाधान में ग्राम के ही छोटे-छोटे बालकों द्वारा विगत 40 वर्षों से श्रीराम लीला का मंचन किया जा रहा है। यह मंचन वर्तमान में श्रीश्री 1008 श्रीस्वामी सुदर्शनाचार्य महाराज गुजरात डभोई कास्ट मंदिर पीठाधीश्वर के मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद से सफलतापूर्वक संचालित है, पहले यह आयोजन विजयादशमी के अवसर पर 9 दिवस का एवं कालांतर में तीन दिवस का आयोजन हो रहा है, जिसमें समस्त ग्रामवासी श्रद्धा-भक्ति पूर्वक सम्मिलित होकर कार्यक्रम को सफल बनाते हैं यहां ज्वांरा साथ ही साथ आदि शक्ति मां महामाया, मां दुर्गा का प्रतिष्ठा भी किया जाता है। ग्राम के आदि शक्ति मां महामाया, मां दुर्गा मंदिर में इस वर्ष 108 ज्योति ज्वांरा कलश प्रज्जवलित किया गया।

### नपं पंडरिया में धूमधाम से मनाया दशहरा पर्व



**हरिभूमि पंडरिया।** नगर पंचायत पंडरिया में दशहरा पर्व हर्षोल्लास के साथ धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नपं पंडरिया में इतिहास में नाबालिक राजा की रानी मां खुशबू राज सिंह अपने नन्हा राजा भिवान राज सिंह व बड़ी बहन राजकुमारी देवेंतिका राज सिंह इलेक्ट्रानिक रथ में राजा के साथ सवारी की गई। इस 30-35 वर्षो में पहली बार नगर पंचायत पंडरिया में ग्रामीणों की भारी जन-सैलाब उमड़ी। इस दशहरा पर्व में नन्हें राजा के दर्शन सैकड़ों लोगों ने अपने नए राजा को श्रीफल भेंटकर जोहार किया व नाबालिग राजा व मंदिर संरक्षक कुमार अमर राज सिंह ने आम नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# बकेला क्रांति केनाल को कुण्डा महली क्षेत्र से होकर गुजरने क्षेत्र की कृषकों ने मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭कुण्डा

जिले के पंडरिया ब्लॉक अंतर्गत ग्राम कुकदुर में बकेला क्रांति फीडर केनाल का कार्य होना है, जिसमे सैकड़ों किसानों को पानी की समस्या से निजात दिलाने 40 गांवो को सिंचाई सुविधा देने के लिए लगभग करोड़ों रुपए की लागत से बकेला क्रांति फिडर केनाल प्रोजेक्ट का निर्माण कराया जा रहा है। जहां केनाल बकेला से करीब 30 किलो मीटर दूर बिजाभाटा गांव से गुजरेगी, इससे 12 हजार हेक्टर करीब 30 हजार एकड़ रकबा सिंचित होगा।

नहर का विस्तारीकरण कुण्डा क्षेत्र तक नही आने से इस सुविधा से कुण्डा क्षेत्र की किसान वंचित हो रहा है वहीं बीजाभाटा से गुजरने वाले केनाल को कुण्डा से गुजारने ब्लॉक उपाध्यक्ष कांग्रेस हरेंद्र चंद्राकर, कृषक सुकुतराम चंद्राकर, रामफल चंद्रवंशी, उत्तर चंद्राकर, बाबूलाल साहू सहित क्षेत्रवासियों ने मांग की। 43.81 करोड़ रूपए की लागत से बकेला क्रांति केनाल प्रोजेक्ट निर्माण एवं विस्तार से कुण्डा छूट रहा है जिसे इसकी सुविधा कुण्डा क्षेत्र की किसानों को नही मिल रही है।

पंडरिया विकासखण्ड के सबसे बड़े पंचायत व 2200 रकबा वाली ग्राम कुण्डा तथा आसपास के किसानों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। कृषकों का कहना है कि पंडरिया क्षेत्र छाया वृष्टि क्षेत्र है, जिसके चलते क्षेत्र में कम वर्षा होती है कम वर्षा के चलते भूजल स्तर काफी नीचे होने के कारण पेयजल की समस्या होती है और कृषकों को सिंचाई की समस्या होती है। जिस पर ब्लॉक उपाध्यक्ष कांग्रेस हरेंद्र चंद्राकर ने बताया की नहर की विस्तारीकरण कुण्डा तक नहीं आने पर 20 से 25 गांव को इसका लाभ नहीं मिल पाएगा जिसमें रेंगाबोड, दुल्लापुर, महली, सेन्हाभाटा, बघर्रा, भैसबोड, भुवालपुर, महका, सुकली सहित कई गांव के कृषक इस सुविधा से वंचित हो रहा, सेंट्रल बोर्ड द्वारा किए गए सर्वेक्षण के अनुसार पंडरिया और मुंगेली क्षेत्र को सेमी रेड जोन घोषित किया गया है जो भविष्य में सिंचाई के लिए गंभीर संकट खड़ा कर सकता।

जिसे देखते हुए कृषक सुकूतराम, बुधवाराम साहू, रामकुमार चंद्राकर, दिनेश, परदेशी, रोशन, दुष्यंत, तिलक, गोविंद, कार्तिक सहित कुण्डा-महली क्षेत्र की कृषक इन ग्रामों से बकेला बांध की नहर के सर्वेक्षण में इन क्षेत्रों को शामिल करने की मांग की है ताकि इन किसानों को सिंचाई सुविधा व लाभ मिल सके तथा पेयजल की समस्या का समाधान हो, इस परियोजना से हजारों किसानों को लाभावित करेगी और इस क्षेत्र के कृषि उत्पादन को बढ़ावा मिलेगी।

## शिक्षक संघर्ष मोर्चा कलेक्टर को आज सौंपेंगें ज्ञापन

**हरिभूमि कवर्धा।** छग शिक्षक संघर्ष मोर्चा द्वारा 14 अक्टूबर को कलेक्टर के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, वित्त मंत्री, मुख्य सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग व वित्त विभाग के सचिव एवं लोक शिक्षण संचालनालय के संचालक के नाम पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा जाएगा। शिक्षक मोर्चा के जिला संचालक रमेश कुमार चन्द्रवंशी, शिवेंद्र चन्द्रवंशी एवं प्रेमनारायण शर्मा ने बताया कि पांच सूत्रीय मांगों में मोदी की गारंटी के तहत सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर कर समस्त एलबी संवर्ग को क्रमोन्नत वेतनमान, समतुल्य वेतनमान में 1.86 के गुणांक पर वेतन निर्धारण, पूर्व सेवा की गणना कर पुरानी पेंशन निर्धारण तथा केंद्र सरकार की तरह 33 वर्ष के बजाए 20 वर्ष की सेवा पर पूर्ण पेंशन निर्धारण, हाई कोर्ट के डबल बेंच के निर्णय के अनुसार शिक्षक एलबी संवर्ग को क्रमोन्नत व समयमान वेतनमान तथा केंद्र के समान विगत एक जनवरी से लंबित चार प्रतिशत मंहगाई भत्ता देकर 2019 से देय तिथि से एरियर्स का जीपीएफ व सीजीजीपीएफ में जमा करने की मांग शामिल है।

# छग की माटी लेकर यश सोनी की अयोध्या तक सायकल यात्रा, उत्तर भारत के राज्यों का करेंगे भ्रमण

- बीते 2 महीने पहले उन्होंने छत्तीसगढ़ के 10 जिलों में 11 हजार वृक्ष लगाकर सायकल यात्रा पूरी की थी श्री सोनी।

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध सायकल यात्री यश सोनी एक बार फिर से एक अनोखी यात्रा पर निकलने वाले हैं। इस बार उनका लक्ष्य छत्तीसगढ़ की माटी को अयोध्या में प्रभु श्रीराम दरबार तक पहुंचाना है और वहां से आशीर्वाद लेकर अपनी सायकल यात्रा जारी रखना है। यश सोनी उत्तर भारत के कई प्रमुख राज्यों जैसे बिहार, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, लेह-लद्दाख, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान का भ्रमण करेंगे। अंत में वे दिल्ली पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने की दूसरी कोशिश करेंगे। बीते 2 महीने पहले उन्होंने छत्तीसगढ़ के 10 जिलों में 11 हजार वृक्ष लगाकर सायकल यात्रा पूरी की थी, लेकिन उन्हें शासन-प्रशासन का कोई सहयोग नहीं मिल सका। श्री सोनी ने रायपुर में अपनी यात्रा समाप्त करते हुए मुख्यमंत्री और मंत्रियों से भी मिलने का प्रयास किया, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। इस नई यात्रा का उद्देश्य भी छत्तीसगढ़ और भारत की संस्कृति, नीति और योजनाओं को समझना और लोगों को जागरूक करना है।

### हिमालय की ऊंची चोटियों पर छत्तीसगढ़ का तिरंगा फहराने का संकल्प

यश सोनी ने छत्तीसगढ़ के गौरव को बढ़ाने का एक नया संकल्प लिया है, वे लेह-लद्दाख और हिमालय की ऊंची चोटियों पर छत्तीसगढ़ का तिरंगा फहराएंगे। उनकी इस यात्रा में सायकल के माध्यम से उत्तर भारत के राज्यों का विस्तृत भ्रमण शामिल है, जहां वे इन राज्यों की जीवनशैली, संस्कृति और प्रशासनिक नीतियों का अध्ययन करेंगे। श्री सोनी ने वर्ष 2023 में छत्तीसगढ़ के प्रत्येक जिले की माटी को संग्रहित किया था और अब वे इस माटी को प्रभु श्रीराम तक पहुंचाना चाहते हैं, ताकि छत्तीसगढ़ के लिए समृद्धि और खुशहाली का आशीर्वाद प्राप्त किया जा सके। यश सोनी अब तक 2 लाख किलो मीटर से ज्यादा की सायकल यात्रा कर चुके हैं और वे विश्व रिकॉर्ड के साथ तीन राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी अपने नाम कर चुके हैं।

# पोंडी में दशहरा महोत्सव धूमधाम से मनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭पोंड़ी



पोंडी नगर में शनिवार को विजयादशमी का पर्व बड़े धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया। वहीं मां शीतला मंदिर में 140 ज्योत ज्वांरा कलश प्रज्जवलित किया गया। दशहरा महोत्सव में परंपरागत तरीके से 30 फीट ऊंचे रावण का पुतला दहन किया गया, जो दशहरा महोत्सव का मुख्य आकर्षण रहा। वहीं श्रीराम, लक्ष्मण व रावण का जीवंत अभिनय भी प्रस्तुत किया गया, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। साथ ही साथ रात्रिकालीन शानदार मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध लोक गायिका कविता विवेक वासनिक ने छत्तीसगढ़ी गीतों की शानदार प्रस्तुति दी गई। वहीं आसपास क्षेत्र के ग्रामीण जन हजारों की संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम का आनंद लिया। इस दशहरा कार्यक्रम में सांसद संतोष पांडेय ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सार्वजनिक दुर्गोत्सव व दशहरा उत्सव समिति अध्यक्ष जयराम साहू ने इस शानदार कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग के लिए समिति के सदस्यों और समस्त ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया। मिली जानकारी के अनुसार दशहरा उत्सव के दौरान पुलिस प्रशासन की ओर से कई जगह लापरवाही देखने को मिली। पुलिस कर्मी आम नागरिको व समिति सदस्यों के साथ विवाद करते नजर आए, हालांकि कार्यक्रम की व्यवस्था बनाए रखने में समिति के वॉलंटियर्स ने अहम भूमिका निभाई। जिससे समूचा आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सका। वहीं रविवार को शारदीय नवरात्रि के समापन पर मां दुर्गा की प्रतिमा का बैंड-बाजे की धुन में नाचते गाते मां दुर्गा की भावपूर्ण विसर्जन किया गया।

## दमगढ़-ताईतिरनी में धूमधाम से मनाई दशहरा



**हरिभूमि कुई कुकदूर।** ग्राम पंचायत दमगढ़ के ग्राम ताईतिरनी में दशहरा पर्व हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया। वहीं आसपास के कई ग्राम के ग्रामवासी गण इस दशहरा पर्व मनाने भारी भीड़ उमड़ी। वही दशहरा पर्व में विभिन्न प्रकार के खिलौने दुकान, हॉटल, मनिहारी, जनरल किराना, पान व मिठाई की दुकान सजाई गई साथ ही साथ ग्रामीणों द्वारा जमकर खरीददारी की गई। मिली जानकारी के अनुसार मां दुर्गा उत्सव समिति द्वारा लगातार 20 वर्षो से मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर विधि विधान से पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे है। इस दशहरा पर्व में 20 फीट रावण का पुतला दहन भव्य आतिशबाजी के साथ रावण दहन किया गया। इस दौरान सांसद संतोष पांडेय द्वारा संस्कृति बोर्ड की अनुशंसा पर छत्तीसगढ़ी लोक-संस्कृति कार्यक्रम रखा गया था, जिसमें मुख्य अतिथि सुधीर पांडेय सदस्य प्रदेश भाजपा, अधिवक्ता विशिष्ट अतिथि बहादुर लाल सोनी, रिद्धराम श्याम, काशीराम धुर्वे, परसराम यादव, सदस्य अक्कल सिंह मेरावी, मंशाराम बघेल, मुकेश बघेल द्वारा पूजा-अर्चना कर फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि सुधीर पांडेय द्वारा सभा को दशहरा की शुभकामनाएं प्रेषित कर सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे क्षेत्रीय विधायक श्रीमती भावना बोहरा, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद संतोष पांडेय इतने सक्रिय हैं हर मंडल में कार्यालय खोलकर त्वरित कार्यवाही कर विकास कार्य के लिए समर्पित हैं तथा समिति के सदस्यों को श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। उन्होने समिति को 5 हजार रूपए, कृष्णा माठले नें 5 हजार व बहादुर सोनी नें समिति को 1 हजार नगद प्रदान किया। इस दशहरा पर्व कार्यक्रम में आसपास क्षेत्र के सैकड़ों की संख्या में नन्हे मुन्हे बच्चे, बड़े बुजुर्ग, युवा एवं मातृशक्ति तथा गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थें।

# तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ प्रांताध्यक्ष का नगर आगमन, विभिन्न समस्याओं पर हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭पंडरिया

छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष आर चंद्रा का रविवार को कवर्धा-पंडरिया आगमन हुआ। वहीं पंडरिया ब्लाक के समस्त कर्मचारी संगठन अध्यक्षों द्वारा श्री चंन्द्रा को पुष्प-गुच्छ भेंटकर सम्मानित किया साथ ही साथ एक लघु बैठक आयोजित किया गया।

जिसमें डीए सहित कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं पर परिचर्चा किया गया, उन्होंने बताया कि डीए व अन्य समस्याओं को लेकर शासन प्रशासन से लगातार बात-चीत चल रही है। शासन प्रशासन द्वारा इस पर चर्चा के लिए आमंत्रित किया गया है, उन्होंने जल्द ही समस्याओं का निराकरण होने की बात कही तथा संगठन के विस्तार व सदस्यता अभियान पर भी चर्चा किया गया तथा जल्द ही कार्यकारिणी का पुनर्गठन की बात कही गई। इस दौरान पंडरिया कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन अध्यक्ष प्रफुल्ल बिसेन, उपाध्यक्ष दीपक ठाकुर, सचिव एसपी डड़सेना, ऋषि कुमार मेहरा, मोहन राजपूत, विजय लाल फरवी, संतोष सोनी, वेदराम पात्रे, सुरेश कुमार ठाकुर, अन्य कर्मचारी साथी व कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

सुतियापाट पर्यटन क्षेत्र के रुप में होगा विकसित भक्तजनों को मां हिंगलाज माता के दर्शन होंगे सुगम

# डिप्टी सीएम के प्रयासों से श्रद्धालुओं को मिलेगी पक्की सड़क सुविधा



हरिभूमि न्यूज ⏭स/लोहारा

सहसपुर लोहारा विकासखण्ड का सुतियापाट होगा पर्यटन क्षेत्र के रुप में विकसित उप-मुख्यमंत्री, गृहमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से श्रद्धालुओं को मिलेगी पक्की सड़क की सुविधा, सफर होगा आसान, मां हिंगलाज माता के दर्शन होंगे सुगम। दर्शनार्थियों को मंदिर तक जाने के लिए मिलेगी पक्की सड़क की सुविधा। सहसपुर लोहारा विकासखण्ड के कर्रानाला बांध व सुतियापाट बांध के मध्य ऊची पहाड़ी पर विराजमान मां हिंगलाज माता का दर्शन करने छत्तीसगढ़ सरकार में उपमुख्यमंत्री, गृहमंत्री व विधायक विजय शर्मा अष्टमी-नवमी के पावन अवसर पर सुतियापाट पहुंचे, जहां उन्होनें ऊची पहाड़ी पर मां हिंगलाज माता के दर्शन कर विधिवत पूजन किया साथ ही माता के दर्शन पूजन पश्चात गृहमंत्री विजय शर्मा गौशाला भी गए। मंदिर समिति के प्रमुखों द्वारा अवगत कराया गया कि मंदिर तक पहुंच मार्ग को अतिशीघ्र चालु कराएं तथा कबीर कुटी हेतु एक सामुदायिक भवन की मांगें रखी गई। जिस उप मुख्यमंत्री ने सहजता से स्वीकारते हुए बजट में शामिल कराने का आश्वासन दिया।

सुतियापाट समिति के अध्यक्ष बालूराम जंघेल नें पं देव दत्त दुबे को बताया कि समिति के लोगों के द्वारा काफी दिनों से हमारे क्षेत्रीय विधायक, उपमुख्यमंत्री व गृहमंत्री विजय शर्मा से मोतिमपुर से ऊची पहाड़ी पर स्थित सुतियापाट हिंगलाज माता के मंदिर तक पक्की सड़क निर्माण, उपर में दो शौचालय निर्माण, नाली निर्माण सहीत अन्य मांगे शामिल है, मांग रखते रहे हैं। जिनमें से ग्राम पंचायत मोतिमपुर की मुख्य सड़क से ऊची पहाड़ी हिंगलाज माता मंदिर तक पक्की सड़क निर्माण हेतु 07 करोड़ 20 लाख, ऊपर में पक्की सड़क से हिंगलाज माता के मंदिर तक पक्की सीढ़ी का निर्माण, यात्री प्रतीक्षालय, बिजली, 02 शौचालय व ऊपर से निचे तक पक्की नाली निर्माण के लिए 03 करोड़ रुपए व मंदिर से निचे सुतियापाट गौशाला के विकास के लिए 10 लाख रुपए की सहमती उप मुख्यमंत्री से मिली।

इन मांगों के पुरी होने से अंचल सहित दूर-दराज से आने वाले समस्त माता के दर्शनार्थियों को बुनियादी सुविधाएं मिलेंगी। पहाड़ी की चढ़ाई अभी दुर्गम व नुकीली पत्थर युक्त है। पक्की सड़क के निर्माण होने से ऊची चढ़ाई आसान होगी। हिंगलाज माता के दर्शन सुगम होंगे। दर्शनार्थियों को जनसुविधाएं मिलने से एक ओर कर्रानाला बांध व दूसरी ओर सुतियापाट बांध के मध्य ऊची पहाड़ी पर स्थित हिंगलाज माता मंदिर व बांध क्षेत्र एक अच्छे पर्यटन क्षेत्र के रुप में विकसित होगा।